
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 238 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23
भोपाल
12 फरवरी 2024 सोमवार

**आज का मौसम**
28 अधिकतम
15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

# बिहार में फ्लोर टेस्ट...दिल्ली में किसान मार्च...मप्र में चार महीने का इंतजाम



**पटना, नई दिल्ली, भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आज बिहार की राजनीति को लेकर जबर्दस्त गहमागहमी है। नीतीश कुमार की सरकार आज फ्लोर टेस्ट से गुजर रही है। हालांकि यहां विधायकों की बाड़ाबंदी से माहौल रोमांचक है। भाजपा नीतीश गठबंधन ने दावा किया है कि 127 विधायक उसके साथ हैं, वहीं आज विधानसभा में आधा दर्जन विधायकों के नहीं पहुंचने पर गठबंधन परेशान भी नजर आया। जेडीयू और भाजपा अपने विधायकों को टूट से बचाने की कोशिश में है। विस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास लाया गया। इधर दिल्ली में सरकार किसानों का आंदोलन रोकने के लिये उन्हें दिल्लीमें दाखिल होने से रोकने के हर जतन कर रही है। वहीं मप में आज अगले चार महीने के लिये सरकार ने अपना बजट यानि लेखानुदान पेश किया है।

## नीतीश के छह, भाजपा के तीन विधायक 'आउट ऑफ कांटेक्ट'




राज्यापाल के सदन में अभिभाषण से पहले तक नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के छह विधायक पार्टी की पहुंच से बाहर बताए गए हैं। हालांकि तीन के लौट आने का दावा जेडीयू ने किया। एक विधायक संजीव कुमार को झारखंड से बिहार में प्रवेश करते ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। विधायकों के आउट ऑफ कॉन्टैक्ट होने की समस्या केवल जेडीयू तक सीमित नहीं है, भाजपा और विपक्षी आरजेडी की भी यही समस्या है। भाजपा के भी तीन विधायक ऐसे हैं जो संपके में नहीं हैं। आज तड़के हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी का फोन भी स्वीच ऑफ बताया गया। यदि मांझी आउट ऑफ कॉन्टैक्ट रहे तो संख्याबल का गणित और उलझेगा। उनके चार विधायक हैं। आरजेडी का भी दो विधायकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस के सोलह विधायक आज विशेष विमान से हैदराबाद से पटना लाए गए।

तेजस्वी यादव ने अपने ही आवास में आरजेडी के सभी विधायकों को दो दिन के लिए रोक लिया था । खास बात यह है कि इसमें बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद भी शामिल थे। इसके चलते आधी रात बवाल भी हुआ और दो बार पुलिस भारी फोर्स के साथ तेजस्वी के घर पहुंच गई। कुछ महीने पहले ही आनंद मोहन को जेल से बाहर निकालने के लिए नीतीश कुमार ने कानून में बदलाव किया था।

## दिल्ली की सीमा पर किसानों को रोकने बिछाए कांटे

**इधर** चुनाव के ऐन पहले 2.0 के लिए किसानों ने फिर कमर कस ली है। किसान पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान समेत कई राज्यों से दिल्ली कूच करने की तैयारी में हैं। आंदोलन को 'चलो दिल्ली' मार्च नाम दिया गया है। मप्र में कई स्थानों से दिल्ली जा रहे किसानों की गिरफ्तारी हुई है। आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं है। फिर भी पुलिस-प्रशासन कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। दिल्ली से सटे हरियाणा, पंजाब और यूपी के बॉर्डर पर मुस्तैदी है। बॉर्डर को कटीले तार, सीमेंट के बैरिकेड से कवर किया गया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली समेत करीब पंद्रह जिले मे धारा 144 लागू है। प्रदर्शनकारियों को बॉर्डर पर रोके जाने की तैयारी है। उत्तराखंड और मध्यप्रदेश से भी किसान दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली में गाजीपुर टिकरी और सिंधु बॉर्डर पर भी दिल्ली पुलिस इतिहास के तौर पर तैयारी कर रही है, सीसीटीवी और लाउडस्पीकर भी लगाए जा रहे हैं।

### राहुल बोले-झूठ की खेती कर रहे मोदी



इधर राहुल गांधी ने कहा है कि दिन रात 'झूठ की खेती' करने वाले मोदी ने 10 वर्षों में किसानों को सिर्फ ठगा है। दोगुनी आमदनी का वादा कर मोदी ने अन्नदाताओं को एमएसपी के लिए तरसा डाला। किसानों की राह में कीलें बिछाने वाले भरोसे के लायक नहीं हैं, इनको दिल्ली से उखाड़ फेंको, किसान को न्याय और मुनाफा कांग्रेस देगी।



## मप्र सरकार ने चार महीने के लिए अंतरिम बजट पेश किया

**भोपाल।** विधानसभा में आज मोहन यादव सरकार का लेखानुदान पेश किया गया। उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा सदन के पटल पर करीब एक लाख करोड़ का लेखानुदान प्रस्तुत किया। राज्य सरकार लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में पूर्ण बजट प्रस्तुत करेगी। लेखानुदान के माध्यम से विभागों को अप्रैल से जुलाई 2024 तक विभिन्न योजनाओं में राशि व्यय करने के लिए आवंटित की गई है।

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा अपने अंतरिम बजट भाषण में प्रदेश की वित्तीय स्थिति का ब्योरा रखा। इसके साथ ही अभी तक अर्जित सफलताओं का उल्लेख भी किया। चूंकि, यह बजट नहीं लेखानुदान है इसलिए इस पर सदन में विभागवार चर्चा नहीं होगी। वित्त विभाग द्वारा सभी सदस्यों को लेखानुदान की जानकारी पेन ड्राइव में दी जा रही है। जुलाई में जब बजट सत्र होगा, उसके



पहले नए सदस्यों को टैबलेट दिए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लेखानुदान पेश करने से पहले कहा कि अभी हम अभी कोई नई योजना नहीं ला रहे हैं। चार माह के लिए अंतरिम बजट ला रहे हैं। इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है।

### कांग्रेस के कई नेता भाजपा में हुए शामिल


**भोपाल दोपहर मेट्रो।** भाजपा की ' न्यू जॉइनिंग कमेटी' के संयोजक नरोत्तम मिश्रा की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ,संगठन महामंत्री हितानन्द ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में विदिशा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कटारे, टीकमगढ़ के पूर्व कांग्रेस विद्यायक दिनेश अहिरवार, व पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कैलाश द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष तुलसी अनुरागी, सहित कांग्रेस के ही आशीष द्विवेदी, अनिल दीक्षित को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

## ग्वालियर में राजमाता की मूर्ति का अनावरण करेंगे मोदी



**ग्वालियर एजेंसी।** नए एयर टर्मिनल के शुभारंभ के दौरान जल्द ही पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा का भी अनावरण भी होगा। इसके साथ ही पीएम मोदी ग्वालियर के नए एयर टर्मिनल का भी भ्रमण करेंगे जिसमें उन्हें आगमन और प्रस्थान के स्थल दिखाए जाएंगे। एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया की ओर से नए एयर टर्मिनल की वीडियोग्राफी कराई गई है जो पीएमओ भेजी जाएगी। जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की टीम नए एयर टर्मिनल के प्रस्तावित समारोह स्थल की तैयारियां देख ली हैं। टेंट-डोम लगने का काम पूरा हो जाएगा। कार्यक्रम में डेढ़ लाख लोगों को जुटाने की तैयारी है।

## हमास ने 135 दिन युध्द विराम का प्रस्ताव भेजा



**गाजा एजेंसी।** हमास ने गाजा में 135 दिनों के लिए युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है। इसमें कहा गया है कि सभी बंधकों को मुक्त कर दिया जाएगा। इस्राइल गाजा पट्टी से अपने सैनिकों को वापस ले ले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में यह भी है कि युद्ध की समाप्ति पर एक समझौता किया जाएगा। आतंकवादी समूह का यह प्रस्ताव कतर और मिस्र के मध्यस्थों की ओर से पिछले सप्ताह भेजे गए प्रस्ताव के बाद आया है। कतर और मिस्र के मध्यस्थों की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को इस युद्ध को रोकने के लिए अब तक का सबसे बड़ा राजनयिक प्रयास माना जा रहा है। हालांकि,इस्राइल कह चुका है कि जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता, वह गाजा से अपने सैनिकों को नहीं हटाएगा।

### जासूसी के आरोप में दी थी सजा ए मौत

## अंतत: कतर ने भारतीय नागरिकों को किया रिहा, सात भारत लौटे

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कतर में हिरासत में लिए गए आठ भारतीय नागरिकों को आखिरकार रिहा कर दिया गया। इनमें से सात आज भारत लौट आए हैं। जासूसी के आरोप में इन 8 नागरिकों को कतर में सजा-ए-मौत दी गई थी। इसे भारतीय कूटनीति की जीत माना जा रहा है। इन भारतीयों को अगस्त 2022 में कतर के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। इन भारतीय नागरिकों ने लौटने पर भारत माता की जय के नारे लगाए। कतर से लौटे पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों में से एक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बिना हमारे लिए यहां खड़ा रहना संभव नहीं था। एक अन्य पूर्व भारतीय नौसेना कर्मी ने भारत लौटने पर खुशी जताते हुए कहा कि हमने भारत आने के लिए



करीब 18 माह तक इंतजार किया। भारत ने कतर के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए अपने नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी। भारतीय की रिहाई पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए डहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।

## दशरथ का रोल करेंगे अमिताभ, रामायण में हुई एंट्री



**मुबंई एजेंसी।** भारतीय सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की बहुचर्चित निर्माणाधीन फिल्म रामायण में एंट्री हो सकती है। बताया जाता है कि निदेशक नितेश तिवारी ने उन्हें अप्रोच किया है। इस फिल्म में राम के रोल रणवीर कपूर कर रहे हैं,जबकि दशरथ के रोल के लिये अमिताभ को चुना गया है। इस फिल्म में सनी देओले के हनुमान बनने की भी खबरें हैं। यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है। यह अगले वर्ष तक बनकर तैयार होगी।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, 5 मुसाफिर जिंदा जले



**मथुरा , एजेंसी।**

यमुना एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर देखने को मिला यहां बस की डिवाइडर से टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद बस में आग लग गई, पीछे से आ रही कार भी अनियंत्रित होकर बस में घुस गई। इस घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पांच लोगों के जिंदा जलकर मौत का मामला सामने आया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के आदेश दिए । मथुरा के थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर भीषण हादसे का यह मामला बताया गया है। तेज रफ्तार आ रही बस पहले अनियंत्रित हो गई फिर डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार लोग बड़ी संख्या में घायल हुए।इसी बीच पीछे से कार भी अनियंत्रित हो गई।

**मेट्रो एंकर**

### पाकिस्तान में चुनाव नतीजे के बाद इमरान का भविष्य अधर में

## सेना के खिलाफ वोट, फिर भी सेना ही सरकार

**इस्लामाबाद, नई दिल्ली, एजेंसी।**

पाकिस्तान में कई उतारचढाव के आब अब जबकि आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और जेल में होने और तमाम प्रतिबंधों के बावजूद इमरान खान की पार्टी पीटीआई सबसे ताकतवर होकर उभरी है,तो कई समीकरण बन और बिगड रहे हैं। हालांकि पाकिस्तानी सेना का हाथ नवाज शरीफ के ऊपर माना जा रहा है इसलिये सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बावजूद इमरान खान और उनकी पार्टी की भविष्य अधर में लटक गया है। शरीफ और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। चुनाव नतीजों से साफ है कि पाकिस्तान में एक बार फिर वहां की सेना किंगमेकर बनेगी और पर्दे के पीछे से सेना ही वहां सरकार चलाएगी।

हालांकि सेना व शरीफ इसलिये भी परेशान बताए जा रहे हैं क्योंकि इमरान खान काफी महीने से जेल में बंद हैं और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई हो रही है,मगर अवाम ने इमरान की पार्टी को जमकर वोट किये हैं। चुनाव आयोग ने चुनाव से पहले पीटीआई का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया था, जिसके चलते पीटीआई के नेताओं ने बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा। हालांकि तमाम परेशानियों के बावजूद पाकिस्तान की जनता ने इमरान खान का साथ दिया है। इमरान की पार्टी नेता बतौर निर्दलीय सबसे ज्यादा 101 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं। वहीं नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 75 और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। पाकिस्तान में 265 असेंबली सीटों पर चुनाव हुआ था। ऐसे में बहुमत का आंकड़ा 133 है, लेकिन कोई भी पार्टी बहुमत का आकंड़ा नहीं छू पायी है। इमरान की पार्टी पीटीआई, फौज की खिलाफत के चलते सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सत्ता हासिल नहीं कर सकेगी यह तय सा लग रहा है। हालांकि पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगा रही है और उसने सड़कों पर उतरने का एलान किया है।



**अब आगे क्या:** इन चुनाव नतीजों के बाद नवाज शरीफ की पार्टी और बिलावल भुट्टो की पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक अंतिम फैसला नहीं हुआ है। हालांकि पाकिस्तान की राजनीति को समझने वाले मानते हैं कि पाकिस्तान की सेना इमरान खान और उनकी पार्टी को सत्ता में नहीं आने देना चाहती और यही वजह है कि नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो के बीच गठबंधन की सहमति जल्द ही बन जाएगी।

**पर्दे के पीछे सेना का नियंत्रण:** भावी गठबंधन सरकार को पर्दे के पीछे से पाकिस्तानी सेना ही चला सकती है। हालांकि पाकिस्तानी सेना के सत्ता पर काबिज होने की आशंका कम ही है क्योंकि पाकिस्तान में पीटीआई की अगुवाई में सेना के खिलाफ माहौल बना हुआ है और ऐसे में पाकिस्तानी सेना फिलहाल तो सीधे सत्ता पर काबिज होकर लोगों की नाराजगी को और भड़काने का जोखिम नहीं लेगी। वहीं पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है ।

## किसान का पैर कटने से बचा

# एक्सीडेंट में कट गई खून की नस, घुटना चकनाचूर, डॉक्टरों ने बचाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार इलाके के 58 वर्षीय किसान का पैर डाक्टरों ने बचा लिया। उसका बाइक से एक्सीडेंट हो गया था। हादसा इतना भयानक था कि एक्सीडेंट में किसान के पैर की खून की नस कटने के साथ घुटने की हड्डी चकनाचूर हो गई। नस कटने की वजह से घुटने के नीचे ब्लड का संचार बंद हो गया। मरीज को उपचार के लिए अपोलो सेज अस्पताल लेकर परिजन आए। प्लास्टिक सर्जन डॉ. विशाल रामपुरी और हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन सिंहने सर्जरी मे घुटने की हड्डी को फिक्सेटर द्वारा स्थिर कर दूरबीन की मदद से कटी हुई खून की नस और मांसपेशियों को जोड़कर मरीज के पैर का रक्त संचार पुनः स्थापित कर दिया गया।




### छह घटे में सर्जरी जरूरी

डॉ. रामपुरी ने बताया कि इस तरह की चोट जिसमे खून की नस कट जाती है या शरीर का कोई अंग कट जाता है, तब यदि 6 घंटे में सर्जरी कर दी जाए तो उस सर्जरी के सक्सेस रेट ज्यादा बेहतर होते हैं। डा चेतन एवं रामपुरी सितंबर में भी इस तरह की जटिल सर्जरी कर एक 36 वर्षीय युवक का हाथ कटने से बचा चुके हैं।

# बदलाव : जिले में बदला स्कूलों का समय, आज से रुटीन समय पर लगी कक्षाएं



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौसम में बदलाव के साथ ही लोगों को ठंड से राहत मिली है, लेकिन लेकिन जाते-जाते भी ठंड अपना असर दिखा रही है। जिला प्रशासन द्वारा आदेश में दिया गया समय भी शनिवार को समाप्त हो चुका है। स्कूलों की ओर से रविवार देर शाम तक अभिभावकों के पास समय को लेकर मैसेज भी पहुंचना शुरू हो गए थे। इसके चलते अब सोमवार से स्कूलों की सभी कक्षाएं अपने सामान्य और पूर्व निर्धारित समय के अनुसार खोली गई।

दरअसल, जनवरी के अंतिम सप्ताह में ठंड कम हो गया था। इसके चलते स्कूलों के समय को लेकर भोपाल कलेक्ट्रेट द्वारा 31 जनवरी को आदेश जारी किया था। आदेश के अनुसार 10 फरवरी तक के लिए पांचवीं तक के स्कूल साढ़े नौ बजे के बाद खोलने के आदेश दिए गए थे। इसके साथ ही 6वीं से 12वीं तक की कक्षाओं की परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित करने को कहा गया था।

# ज्वाला कान्वेंट के वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियां, पुरस्कार बंटे



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ज्वाला कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका आकर्षण राम भक्त हनुमान की ड्रेस रही। स्कूल के प्राचार्य राज बतरा ने विद्यालय को लेकर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमआईसी सदस्य भाजपा पार्षद राजेश हिंगोरानी थे। हिंगोरानी ने कहा कि बच्चों का शिक्षित होना अत्यंत जरूरी है ऐसे कार्यक्रम करने से बच्चों का विकास भी शीघ्र होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश हिंदू हेल्पलाइन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रायचंदानी ने की। रायचांदनी ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भाग लेने से शारीरिक विकास के साथ बुद्धि का भी विकास होता है।

विशेष अतिथि कांग्रेस पार्षद अशोक मारन, थोक व्यवस्था संघ के महासचिव दिनेश वाधवानी, राष्ट्रीय सिंधी मंच के जिला अध्यक्ष हीरो हिंदू इसरानी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष ,सतीश बतरा थे। कार्यक्रम का संचालन भारती चांदनानी ने किया। मंच पर परफॉर्मेंस देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## वैलेंटाइन-डे की तैयारी



भोपाल। राजधानी में फूलों और गिफ्ट की दुकानों में इन दिनों खास रौनक है। वैलेंटाइन-डे के लिये दुकान में खास तैयारी की गई हैं।

## गर्मी में और बढ़ेगी इनकी चहल कदमी, निगरानी तंत्र मजबूत करना जरूरी

# बाघों के साथ भोपाल के आसपास तेंदुओं का मूवमेंट भी बढ़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी के आसपास बाघों के साथ-साथ तेंदुओं की चहल-कदमी भी बढ़ गई है। गर्मी में यह और बढ़ेगी, नौबत यहां तक आ सकती है कि ये पूर्व के वर्षों की तरह अंदर तक दाखिल होने लगे। ऐसे में अभी से इनकी निगरानी का तंत्र मजबूत करना होगा नहीं तो किसी भी तरह की अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।**

असल में भोपाल के केरवा, कलियासोत, मेंडोरा, बैरागढ़ चीचली और केरवा डैम की पहाड़ी से रातापानी वन्यजीव अभयारण्य का जंगल लगा हुआ है। पूर्व में हुए आंकलन के अनुसार रातापानी में बाघ ओर तेंदुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। चूंकि जंगल में इनका घनत्व बढ़ने के कारण ये आसपास भी पहुंच बना रहे हैं। भोपाल की ओर बढ़ना, शुरू से इनका व्यवहार रहा है। कई बार इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि भोपाल के नजदीक बाघ व तेंदुए की मौजूदगी है। खुद मप्र टाइगर फाउंडेशन इस पर लघु फिल्में बनाता रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक भोपाल से सटी आबादी में बाघ, तेंदुए की बढ़ती दखल के अनुरूप और अधिक सावधान होने की जरुरत है तो नहीं भविष्य में दिक्कत हो सकती है। इंसानों को तो नुकसान होगा ही, इन वन्यप्राणियों की जान को भी खतरा पहुंच सकता है।



फाइल फोटो

### अभी यह है कमियां

वन्यप्राणी मामलों के जानकारों का कहना है कि निगरानी तंत्र भगवान भरोसे है। तार फेंसिंग कई स्थानों से टूटी हुई है। ट्रैप कैमरे जरुरत के हिसाब से नहीं है। वन अमला भी पर्याप्त नहीं है जिसके कारण नाम की 24 घंटे निगरानी हो रही है। शहर होने के कारण आसपास के जंगलों में मवेशियों की आसानी से उपलब्धता है, जिनका शिकार आसान हो गया है। इसके विपरित जंगल के भीतर शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या न के बराबर है जिसके कारण बाघ, तेंदुए जैसे वन्यप्राणी शिकार की कमी से जूझ रहे हैं और आबादी की ओर पहुंच रहे हैं।

# 30 स्टेशनों पर 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' रखेगा रेलवे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेलवे तेजी से निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। अब स्टेशनों पर नए सिरे से टिकट बुकिंग एजेंट रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसा भोपाल रेल मंडल के 30 स्टेशनों पर किया जा रहा है। इन सभी पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए 14 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक आवेदन बुलाए हैं।

### इन स्टेशनों पर रखे जाएंगे एजेंट

भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक सांची, शाजापुर, बीड़, बरखेड़ा, भिरंगी, बरुड, बरेठ, चारखेड़ाखुर्द, चारखेड़ा, धरमकुंडी, डोलरिया, गुनेरूबामोरी, हिनोतिया पीपलखेड़ा, कुरवाई कैथोरा, कंजिया, महादेवखेड़ी, माबन, मथेला, पलासनेर, पबई, पीलीघाट, पगढाल, पोवारखेड़ा, सुरगांव बंजारी, सुमेर, सूखीसेवनियाँ, ओबेदुल्लागंज, बुदनी, सेमरखेड़ी, शिवपुरी पर एजेंट रखे जाने हैं। ये एजेंट स्टेशन पर यात्रियों को अनारक्षित यात्रा टिकट (यूटीएस), प्लेटफॉर्म टिकट एवं सीजन टिकट सहित सभी प्रकार के गैर रियायती अनारक्षित टिकट जारी कर सकेंगे तथा स्टेशन मास्टर के अनुमोदन के पश्चात रियायती अनारक्षित टिकट भी जारी कर सकेंगे।

## लिटिल मिलेनियम प्रीस्कूल का वार्षिक खेल दिवस संपन्न

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लिटिल मिलेनियम प्रीस्कूल, अरेरा कॉलोनी ने उत्साह और उत्साह के साथ अपना पहला वार्षिक खेल दिवस मनाया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि डी.एस. कोर्बू, आईपीएस और डॉ. सिद्धार्थ दीक्षित थे। स्कूल के बच्चों ने विभिन्न रेस और गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चे मैट रेस, फ्रॉग जंप, पॉप दि बलून, स्टोरी योगा, एनर्जाइजर और चियरलीडर डांस जैसे उत्साहवर्धक गतिविधियों में भाग लिया। इन नन्हे बच्चो ने अपने अद्भुत प्रदर्शनों से चुस्ती, समन्वय, और टीमवर्क का परिचय दिया। लिटिल मिलेनियम प्रीस्कूल, अरेरा कॉलोनी का पहला वार्षिक खेल दिवस था

# भाजपा का बूथ चलो अभियान संतनगर में

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा मंडल के कार्यकर्ता बूथ चलो अभियान में वार्ड चार के मतदाता के पास पहुंचे। मोदी और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी। अबकी बार फिर मोदी सरकार के लिए मतदान का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष कमल विधानी और उपाध्यक्ष महेश खटवानी ने वार्ड के बूथ 65, 66, 90, 93, 95, 103 के मतदाताओं से मुलाकात की। संतनगर में भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के काम को भी बताया। अभियान में नंद छुगानी, किशन अच्छानी, राम श्री चांदनी, शंकर मेघानी, भूरा पारवानी, अर्जुन प्रियानी, भगवान मुलानी व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



**मेट्रो एंकर**

## सिंधी सेंट्रल पंचायत के उपाध्यक्ष वोट से तय हुए

# इसरानी के पक्ष के पांचों प्रत्याशी भारी मतों से जीते

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, भोपाल के पांच उपाध्यक्षों के लिए रविवार को मतदान हुआ। पूर्व अध्यक्ष भगवान देव इसरानी पांच प्रत्याशी भारी मतों से विजय हुए हैं। इसके पहले अन्य पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है।

चुनाव अधिकारी कन्हैयालाल दलवानी की देखरेख में लालघाटी मार्ग स्थित मैरिज गार्डन सुंदरवन में सुबह नौ बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, जो दोपहर तीन बजे तक चली। पंचायत के 1240 सदस्यों में से 774 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, 15 वोट निरस्त हुए। मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी दलवानी ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की। सबसे अधिक वोट महेश बजाज को मिले, जिन्होंने 607 वोट हासिल किए। मोहन लालवानी को 594, प्रदीप आरतवानी को 585, शंकर सचदेव को 569 और डीडी मेघानी को 557 वोट मिले, जो विजयी रहे। राष्ट्रीय सिंधी मंच के संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल उत्तवानी छठवें नंबर पर रहे, जो केवल 171 मत ही हासिल कर सके। मतदान में युवा वर्ग और महिलाओं ने भी उत्साह से भाग लिया।





उल्लेखनीय है कि पंचायत के अध्यक्ष पद पर किशोर तनवानी और महासचिव हरीश नागदेव सहित 10 पदाधिकारी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आगामी 25 फरवरी को होगा जल्द ही महिला विंग का भी गठन किया जाएगा।

### स्काउट गाइड संस्था के आला अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

# महिलाओं के साथ अभद्रता का मामला अब सीएम तक पहुंचा, बनाई जांच कमेटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**स्काउट गाइड संस्था में अब महिलाओं के साथ अभद्रता की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची है। महिला ने संस्था के आला अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायती आवेदन में महिलाओं के साथ हुए अभद्र व्यवहार के अलावा कर्मचारियों के भुगतान के मामले भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास शिकायती आवेदन पहुंचने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बना दी है। कमेटी में उप सचिव मंजूषा विक्रांत राय, अपर संचालक कामना आचार्य व उप संचालक रेखा पटेल शामिल है। कमेटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।**



फाइल फोटो

## यह है पूरा मामला

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले स्काउट गाइड में स्कूली विद्यार्थियों आदर्श नागरिक, देशभक्त, संस्कारवान, अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान बनाने की शिक्षा दी जाती है। उक्त संगठन द्वारा नवयुवक-नवयुवतियों का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास कर उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनाए जाने का दावा किया जाता है। लेकिन स्काउट गाइड के राज्य मुख्यालय में कुछ और ही चल रहा है। यहां महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। हाल ही में स्काउट गाइड की महिला कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अभद्रता की शिकायत की है।

## अतिथि शिक्षकों को चार माह से मानदेय का इंतजार

**भोपाल।** प्रदेश सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षकों को विगत चार माह से मानदेय का भुगतान नहीं हो सकता है। ऐसे में प्रदेश के लगभग 72 हजार 500 अतिथि शिक्षक परेशान हो रहे हैं। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने बताया कि जबकि स्कूल शिक्षा मंत्री, लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त और संचालक को कई बार आवेदन दे चुके हैं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी पीडी खैरवार ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी आदेश जारी नहीं हुए हैं उनको शीघ्र जारी किया जाए। अनुभव के आधार पर नीति बनाकर विभागीय परीक्षा आयोजित की जाए। पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणानुसार किसी भी अतिथि शिक्षक को बाहर नहीं किया जाएगा। इसके बाबजूद हजारों अतिथि शिक्षकों को सीधी भर्ती, प्रमोशन और ट्रांसफर से बाहर कर दिया है। उनको रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए।

# बारहवीं के विद्यार्थियों ने दिया फिजिक्स, अर्थशास्त्र का पेपर



### दसवीं के विद्यार्थियों का 13 फरवरी को गणित का पेपर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। सोमवार को कक्षा बारहवीं का फिजिक्स, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेंण्ड्री मिल्कट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिसरीज, विज्ञान के तत्व और भारतीय कला का इतिहास का पेपर आयोजित हुआ। नकल रोकथाम के लिए परीक्षा केंद्रो पर निरीक्षण और जांच की व्यवस्थाएं बढ़ाई गई हैं। विद्यार्थी परीक्षा केंद्रो पर एक घंटे पहले पहुंचे, जिन्हे कड़ी जांच के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 बजे तक रहा। वहीं दसवीं के विद्यार्थियों का 13 फरवरी को गणित का पेपर होगा।

## गोवंशों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए सींग पर लगाया जाएगा रेडियम, राजमार्गों पर तार फेंसिंग

**भोपाल** । प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निराश्रित गोवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए उनकी सींग पर रेडियम लगाने की तैयारी है। निराश्रित गोवंश की सींग पर अलग रंग और पालित गोवंश की सींग पर अलग रंग का रेडियम लगाया जाएगा, ताकि पता चल सके कि गोवंश निराश्रित है या पालतू। वाहन चालकों को भी सड़क पर गोवंश दूर से दिख जाएंगे। इससे दुर्घटनाएं टाली जा सकेंगी। इसके अतिरिक्त राज्य पशु कल्याण कोष के लिए राज्य सरकार से 25 करोड़ रुपये मिलेंगे जिसका उपयोग अचानक फैलने वाली बीमारियों और आपदा की अन्य स्थिति में पशुपालकों को सहायता देने के लिए और पशु कल्याण के लिए किया जाएगा।

### सेना भर्ती कार्यालय ने किया तारीख संशोधन, 15 जिले शाामिल

# अग्निवीर भर्ती के आवेदन कल से होंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। पूर्व में इसके लिए 8 फरवरी से 21 मार्च तिथि नियत थी, जिसमें संशोधित करते हुए भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अब 13 फरवरी से प्रारंभ होकर 23 मार्च तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर (पुरुष) की जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समैन आठवीं पास, ट्रेड्समैन दसवीं पास,



अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी और धर्मगुरु के पदों के लिए जारी किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई में होने की संभावना हैं। सेना मुख्यालय ने संशोधन करके सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकार क्षेत्र में अब कुल 15 जिलों को सम्मिलित किया गया है, जिनमें भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ, रायसेन, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर और पांढुर्ना हैं।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन भोपाल ब्रांच की कार्यशाला का उद्घाटन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल में माउथ कैसर के उपचार के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल बनवाने के लिए पहल करूंगी। यह बात पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कही है। गौर इंडियन डेंटल एसोसिएशन भोपाल ब्रांच की एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थी। राज्य मंत्री गौर ने डेंटल ट्रीटमेट को हेल्थ इंश्योरेंस में शामिल करवाने की बात भी कही। एसोसिएशन की वर्कशाप में बताया गया कि हेल्थ इंश्योरेंस में डेंटल ट्रीटमेंट शामिल नहीं है, इसे शामिल करवाया जाए। इसके साथ जानकारी दी गई कि माउथ कैंसर के मामले में हर आठवा मरीज भोपाल का है। इसलिए भोपाल में माउथ कैंसर के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल शुरू किया जाए।

### जिलों में खाद्य चलित प्रयोगशाला को नए एडवांस्ड मिल्कोमीटर से करेंगे अपडेट

# अब दो-तीन मिनट में मिलेगी दूध की रिपोर्ट, 35 तरह की जांच हो सकेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सभी जिलों में अब खाद्य सुरक्षा विभाग के पास दूध की शुद्धता जांचने के लिए एडवांस्ड मिल्कोमीटर होगा। एडवांस्ड उपकरण से दूध से जुड़ी 35 तरह की जांच आसानी से होंगी। यहां तक कि दुग्ध जांच की रिपोर्ट भी दो-तीन मिनट में उपलब्ध हो सकेगी। दूध की जांच करने की मशीन जिले में उपलबध होने पर प्राथमिक स्तर पर जांच कर कार्रवाई करने में आसानी होगी। सैंपल की प्राथमिक जांच में गड़बड़ी मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा सकेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस उपकरण को अगले माह के पहले सप्ताह में प्रत्येक जिले को उपलब्ध कराए जाने की योजना है।



## फिलहाल पुराने मिल्कोमीटर से चल रहा काम

दरअसल, अभी भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) द्वारा प्रदेश के 15 जिलों में खाद्य चलित प्रयोगशाला की सौगात दी गई है, जिसमें पुराने मिल्कोमीटर लगे हैं। पुरानी चलित प्रयोगशालाओं में लगे मिल्कोमीटर में चार-पांच जांच ही हो पाती थी। अब इनको नए एडवांस्ड मिल्कोमीटर से अपडेट किया जाएगा। वहीं प्रदेश में आने वाली 40 नवीन चलित प्रयोगशालाओं में पहले से एडवांस्ड मिल्कोमीटर लगे हैं। इसके साथ ही पहले से चल रहे 15 वाहनों में इसे अपडेट किया जाएगा।

# सीएजी रिपोर्ट में पुल निर्माण से लेकर बिजलीघर तक गड़बडियां मिलीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सीएजी ने प्रदेश में पुलों के निर्माण में कई तरह की गड़बड़ियों की तरफ इशारा किया है। सीएजी की ताजा रिपोर्ट में योजना और क्रियान्वयन के काम मुख्य रूप से शामिल हैं। कैग ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2013 में नियम बनाया था कि सरकारी काम में निकलने वाले गौण खनिज की रायल्टी ठेकेदार से ली जाएगी। जब तक वह रायल्टी चुकाने के संबंध में अदेयता प्रमाण पत्र नहीं देता, उसका भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। इसके बाद भी अक्टूबर 2020 से सितंबर 2021 के बीच भोपाल और उज्जैन संभाग के छह पुलों के निर्माण में ठेकेदारों से एक करोड़ 20 हजार की जगह 37 करोड़ 72 लाख रुपये की ही वसूली हो पाई। प्रदेश में अक्टूबर 2020 से सितंबर 2021 के बीच भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और उज्जैन संभागों के 72 पुलों की आडिट की गई, जिसमें 63 पुल समय सीमा में तैयार नहीं होना पाया गया। इनके निर्माण में एक माह से 68 माह तक का विलंब हुआ। ठेकेदारों पर कार्रवाई भी नहीं की गई। शासन ने तर्क दिया कि विभिन्न तरह की अनुमतियां प्राप्त करने के कारण विलंब हुआ। इसी तरह मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के खंडवा स्थित सिंगाजी ताप बिजलीघर निर्माण और संचालन में कई तरह की गड़बड़ियां जारि की है। त्रुटिपूर्ण योजना, ठेकेदार को अग्रिम भुगतान नहीं करने, उसे अनुचित समय विस्तार देने और टरबाइनों की विफलता के चलते शासन को वर्ष 2009 से 2021 तक 2113 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट कल विधानसभा में रखी गई है। गडबड़ियां सामने आने के बाद सीएजी ने अनुशंसा की है कि सभी इनपुट की योजना बनानी चाहिए, जिससे भविष्य में शुरू होने वाली परियोजनाओं में इसका लाभ मिल सके। कंपनी को पर्यावरणीय मानदंडों और विनियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

# ट्रिपल आईटी व सीएसआईआर का अनुबंध, छात्रों का फायदा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रिपल आईटी भोपाल ने औद्योगिक अनुसंधान परिषद-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर -सीआरआरआई) नई दिल्ली के साथ एमओयू किया। यह अनुवंध पांच वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। इस समझौते पर आईआईआईटी भोपाल के निर्देशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) के निर्देशक प्रो. मनोरंजन परीदा ने हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के प्राथमिक उद्देश्यों में संयुक्त स्नातकोत्तर, पीएचडी एवं शोध शामिल हैं। इस अनुबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्षमता निर्माण और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना शामिल है। इस मौके पर ट्रिपल आईटी के निदेशक ने कहा कि संस्थान का मुख्य लक्ष्य अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों को इसका लाभ दिलाना है। ताकि वे अपने अनुसंधान कार्यों से संस्थान का नाम राष्ट्रीय व विश्व पटल पर अंकित कर सकें। ट्रिपल आईटी, भोपाल से डॉ. गौरव कुमार भारती, ओएसडी डॉ. गोविंद भार्गव, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अजय श्रीवास्तव एवं सहायक कुलसचिव अभिजीत शर्मा एवं अन्य अधिकारी, प्रोफेसर्स और कर्मचारी उपस्थित थे।



## ग्रामीण पर्यटन के लिए एमपी टूरिज्म को स्कॉच अवार्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति से रूबरू कराने और सामुदायिक सहभागिता से स्वरोजगार के विभिन्न अवसर उत्पन्न करने वाली ग्रामीण पर्यटन को एक बार फिर स्कॉच संस्था ने सराहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नई दिल्ली में स्कॉच समिट में ग्रामीण पर्यटन परियोजना के लिए टूरिज्म श्रेणी में अवार्ड प्रदान किया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने इस उपलब्धि के लिए पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ ग्रामीण पर्यटन परियोजना में सहयोगी संस्थाओं को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार ग्रामीण पर्यटन परियोजना में और अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया न्यू दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पर्यटन बोर्ड की ओर से संचालक मनोज सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने ग्रामीण पर्यटन परियोजना अंतर्गत मध्य प्रदेश के छह संस्कृति क्षेत्र में सौ गांवों का चयन किया हैं। इसमें लगभग 30 गांवों में परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है।



संपादकीय

# हल्द्वानी जैसी नौबत क्यों

यह तो अकाट्य सत्य है कि सरकारी जमीनों पर या इमारतों पर कब्जे की इजातत कानूनन नहीं है। मगर इसी बात को सरकारी एजेंसियां इतना बढा देती हैं कि हालात उस वक्त बिगडते हैं जब इन्हें हटानी बारी या मजबूरी आती है। यह बात उत्तराखंड के हल्द्वानी में सामने आये तनाव हिंसा कर्फ्यू से जोड़ी जा सकती है। हल्द्वानी में सरकारी जमीन पर से अतिक्रमण हटाने की कोशिश में जिस तरह हिंसा भड़क उठी और बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के घायल होने तथा हिंसा पर उतारू भीड़ पर गोली चलाने से चार लोगों के मारे जाने की खबर आई, उससे अतिक्रमण रोकने के सरकारी प्रयासों पर एक बार फिर गहरा सवालिया निशान लगा है। जबकि सरकारी भूखंड पर किसी को अवैध रूप से कब्जा कर रिहाइश या कोई कारोबारी भवन बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मगर प्रशासन और सरकार को तभी ऐसी जगहों को खाली कराने की सुध क्यों आती है, जब लोग वहां बस्तियां बसा चुके होते हैं। यह समस्या सिर्फ उत्तरप्रदेश की ही नहीं बल्कि देश का शायद ही कोई ऐसा शहर0 होगा, जहां अवैध रूप से कायम की गई बस्तियां आबाद न हों। ऐसी बस्तियां कोई एक दिन में या रातोंरात नहीं बसतीं। लोग दावे करते हैं कि वे तो पचास-पचास वर्ष से रह रहे हैं। सरकारी भूखंडों पर कब्जे की प्रवृत्ति पुरानी और उजागर है। इसके पीछे सक्रिय लोग भी करीब-करीब पहचाने हुए होते हैं। सरकारी अमले और भूमाफिया के बीच गठजोड़ के जरिए अतिक्रमण कराया जाता है। फरीदाबाद के वनक्षेत्र में वर्षों से आबाद हजारों लोगों की बस्ती को भी इसी तरह सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर हटाना पड़ा था। मगर ऐसे मामलों में ठगे और मारे जाते हैं, आम गरीब लोग। जिन्हें धोखे में रख कर भूमाफिया कम कीमत पर जमीन बेच देते हैं। यही नहीं, कई जगह तो बस्तियां बसने के बाद उनमें बिजली-पानी की सुविधाएं भी सरकारी विभागों द्वारा उपलब्ध करा दी जाती हैं। लोग राशन कार्ड, आधार पहचान-पत्र जैसे दस्तावेज भी हासिल कर लेते हैं। तब प्रशासन को यह जरूरी क्यों नहीं लगता कि वह वहां बस रहे लोगों को रोके। किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया ही जाना चाहिए, मगर उसका तरीका कानूनी होना चाहिए, ताकि हिंसा की नौबत न आने पाए। इसीलिये हल्द्वानी के एक इलाके में सरकारी भूखंड पर कथित रूप से कब्जा कर मजार और मदरसा बना लिया गया, उसे हटाने के लिए पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी वहां पहुंचे तो स्थानीय लोग उग्र हो उठे और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। स्थिति यह है कि पूरे शहर में कर्फ्यू लगाना पड़ा। वहां स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इस बात की जांच होनी चाहिए कि भीड़ के उग्र और हिंसक होने के पीछे कोई साजिश तो नहीं। बताया जाता है कि पिछले वर्ष जनवरी में भी हल्द्वानी के ही एक इलाके में रेलवे की जमीन पर कब्जा कर बसी एक बस्ती को हटाने पर खासा हंगामा हुआ। अतिक्रमण हटाने के विरोध में लोगों ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उस मामले को मानवीय करार देते हुए अदालत ने बेदखली पर रोक लगा दी थी। हल्द्वानी में और भी ऐसी जगहें हैं, जहां लोगों ने अतिक्रमण कर बस्तियां या मकान-दुकान बना ली है। भूमाफिया मामूली शुल्क के स्टांप पर लोगों को सरकारी जमीन बेच देते हैं। इस पूरे संजाल को तोड़ने के लिये नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस को उस वक्त ही सतर्क हो जाना चाहिये, जब ऐसे प्रयास होते हैं। यदि अतिक्रमण को तत्काल हटा दिया जाए या इसे करने की कोशिश को ही नाकाम कर दिया जाए, तथा लोगों को सही सलाह व हिदायतें दी जाएं तो इतना बड़ा बवाल कभी नहीं होगा।

## सुविचार

यह सच है कि पानी में तैरनेवाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहनेवाले नहीं, मगर किनारे पर खड़े रहनेवाले कभी तैरना भी नहीं सीख पाते।

## आज का इतिहास

- 1575–फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक।
- 1601–लंदन में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया।
- 1689–विलियम और मैरी इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए।
- 1693–अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला।
- 1713–दिल्ली के सुल्तान जहाँदारशाह की हत्या गला घोंट कर की गई।
- 1739–करनाल के युद्ध में नादिरशाह की फ़ौज ने मुग़ल शासक मुहम्मद शाह की सेना को हराया।
- 1788–भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया।
- 1795–अमेरिका में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला।
- 1856–ईस्ट इंडिया कम्पनी का लखनऊ सहित अवध पर भी कब्ज़ा।
- 1879–स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू (भारत कोकिला) का जन्म।
- 1920–अमेरिका में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई।
- 1931–नयी दिल्ली भारत की राजधानी घोषित हुई।
- 1945–भारतीय सिनेमा के अभिनेता विनोद मेहरा का जन्म।
- 1959–बच्चों की पसंदीदा बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई।
- 1966–सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
- 1975–तुर्की ने साइप्रस के उत्तरी भाग में अलग प्रशासन की स्थापना की।
- 1984–पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
- 1988–बंगलादेश में राष्ट्रपति हुसैन मुहम्मद इरशाद को हटाने के लिए विपक्षी आंदोलनकारियों की मुहिम में सैकड़ों लोग घायल हुए।
- 1991–अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने बगदाद में अनेक बंकर नष्ट किए, जिसमें सैकड़ों सैनिक मारे गए।
- 2000–बहुचर्चित पीनट्स कॉमिक पट्टी के सर्जक चार्ल्स शुल्ज का निधन।
- 2001–अंतरिक्ष में क्षुद्रग्रह 'इरोस' पर पहला मानव रहित यान उतरा।
- 2002–पर्ल अपहरण काण्ड का मुख्य अभियुक्त उमर शेख़ लाहौर में गिरफ़्तार।
- 2003–यश चोपड़ा को दादा साहब फालके पुरस्कार मिला।
- 2004–भारतीय टीम ने क्वालालम्पुर में दसवीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- 2005–इराक में सद्दाम हुसैन के बाद हुए पहले चुनाव में शिया इस्लामिक मोर्चे की जीत।
- 2007–उत्तर कोरिया परमाणु कार्यक्रम बंद करने पर सहमत।
- 2008–हिंदी सिनेमा के हास्य कलाकार राजेंद्र नाथ का निधन।
- 2009–रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव में 2009-10 के अंतरिम रेल बजट पेश किया।
- 2011–महाराष्ट्र के पुणे में यहूदियों के प्रार्थना स्थल के नज़दीक बेकरी में शाम को हुए बम विस्फोट में पाँच महिलाओं और एक विदेशी नागरिक सहित नौ लोग मारे गए और 53 अन्य घायल हो गए।
- 2014–चीन के कैली शहर में एक अवैध जुआ घर में विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गयी तथा 17 लोग घायल हो गये।
- 2016–प्रसिद्ध मलयाली कवि और गीतकार ओ.एन.वी.कुरुप का निधन।
- 2020–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित प्रसिद्ध पर्यावरणविद राजेन्द्र कुमार पचौरी का निधन।

## निशाना

### रहे इतना ध्यान !




– कृष्णेन्द्र राय

है सबको अधिकार।  
दें अपना बयान।।  
पर लगे ना ठेस।  
रहे इतना ध्यान।।  
है इतिहास गवाह।  
बढ़ता है विवाद।।  
कर देते हैं ज़ाहिर।  
अपना पर अवसाद।।  
बहस सकारात्मक तो।  
है बढ़ता संवाद।।  
उठती हैं जो बातें।  
हैं रहतीं वो याद।।  
धीरे-धीरे करके।  
है लाना बदलाव।।  
मिलेगा मुकाम और।  
पहुंचेंगे पड़ाव।।

# भारत रत्नों के विचारों का आज सामाजिक आर्थिक महत्व अधिक

■ आलोक मेहता



प्रधानमंत्री द्वारा देश के महान नेताओं तथा कृषि वैज्ञानिक को भारत रत्न सम्मान की घोषणाएं किए जाने पर केवल राजनैतिक दृष्टि से देखा जाना अनुचित लगता है। यह न केवल इन महान विभूतियों के सामाजिक आर्थिक राष्ट्रीय योगदान को कमतर करके देखना जैसा है।इसमें कोई शक नहीं कि पूर्व सरकारों ने समय रहते इन नेताओं को समुचित सम्मान नहीं दिया। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह, पी वी नरसिम्हा राव, पूर्व उप प्रधान मंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पिछड़े गरीबों के नेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने भारत के राजनैतिक सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए अपने विचारों कार्यों से महत्वपूर्ण योगदान दिया और वर्तमान दौर में उनका अनुसरण कार्यान्वयन अधिक उपयोगी हो गए हैं। मेरा सौभाग्य रहा है कि अपनी पत्रकारिता के लगभग 50 वर्षों के दौरान इन नेताओं की गतिविधियों को देखने, समझने, उनसे मिलने, देश विदेश की यात्रा करने और उन पर लिखने बोलने के अवसर मिले। यही नहीं कभी कभी उनके कुछ राजनीतिक निर्णयों पर आलोचनात्मक टिप्पणियां भी लिखीं, लेकिन सुखद अनुभव यह है कि उन्होंने कभी शिकायत नहीं की और अपने विचारों को स्पष्ट किया।

यह भी स्वीकारा जाना चाहिए कि भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, पी वी नरसिम्हा राव, प्रणव मुखर्जी वर्तमान भाजपा सरकार और संघ की राजनैतिक विचारधारा से एक हद तक भिन्न विचारों वाले और विरोधी भी थे। लालकृष्ण अडवाणी भाजपा के शीर्ष नेता होने के बावुजूद हाल के वर्षों में किनारे से रहे हैं। यहाँ तक कि कांग्रेस पार्टी और कुछ अन्य दलों के नेता अडवाणीजी की अनदेखी के आरोप मोदी सरकार पर लगा रहे थे। इस परिप्रेक्ष्य में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक निर्णयों की सराहना होनी चाहिए। ताजे निर्णय से उत्तर दक्षिण को बांटने के कांग्रेस और उसके साथी दलों के कुत्सित प्रयासों को भी करारा उत्तर मिला है। पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव 'मिट्टी के महान पुत्र' थे और उन्हें वास्तव में भारत में आर्थिक सुधारों का जनक कहा जा सकता है क्योंकि उनके पास उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दूरदर्शिता और साहस दोनों थे।1991 ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया था। भारत ने आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत हुई थी और बाजार को विदेशी पूंजी के लिए खोला जाने लगा था। उनके इस सुधार के जनक थे प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव।चंद्रशेखर के बाद प्रधान मंत्री बने नरसिम्हा राव देश में गठबंधन सरकार चलाने वाले दूसरे प्रधानमंत्री थे और अल्पमत की सरकार होने के बावजूद उन्होंने देश में बड़े बदलाव किए और इसी कारण उन्हें भारतीय आर्थिक सुधार का जनक माना जाता है।नरसिम्हा राव से पहले भारतीय लोकतंत्र के शीर्ष पद तक सिर्फ उत्तर भारतीय राजनीतिज्ञ ही पहुंचे थे। देश के प्रधानमंत्री बनने वाले वो दक्षिण भारत के पहले राजनेता थे। 1991 से 1996 के बीच वो देश के नौवें प्रधानमंत्री के तौर पर आसीन रहे. उन्होंने आर्थिक संकट से जूढ रहे देश को बुरी स्थिति से बाहर निकाला।



खास बात ये रही है कि नरसिम्हा राव ने प्रधानमंत्री रहते हुए अपनी सरकार में रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली और उसके चलते देश की रक्षा और विदेश नीति में भी बदलाव आए. सोवियत संघ के बंटवारे के बाद नरसिम्हा राव ने उसकी घटती ताकत को समझा और देश का रुझान ज्यादा ताकतवर अमेरिका की ओर किया। इसका नतीजा हुआ कि भारत और अमेरिका की नौसेना के बीच 'मालाबार युद्धाभ्यास' की शुरुआत हुई।1992 में नरसिम्हा राव ने ही इस्राइल के साथ भारत के रिश्तों की खुले तौर पर शुरुआत की और इसका नतीजा हुआ कि राव ने इस्राइल को नई दिल्ली में अपना दूतावास खोलने की इजाजत दी। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्तों में साल दर साल गर्माहट ही आई।राव पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने आजाद भारत की पहली गठबंधन सरकार को पूरे 5 साल तक चलाया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थाई सरकार देकर विश्व में भारत के लिए अधिक विश्वास बनाया। तभी तो अमेरिका, रुस, इसराइल और ईरान या सऊदी अरब से लेकर अफ्रीका या लातिनी अमेरिका के देशों से संबंधों को मजबूत किया है। भारत की नई आर्थिक नीति वर्ष 1991 में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में शुरू की गई थी। इस नीति ने पहली बार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वैश्विक प्रदर्शन का द्वार खोला। इस नई आर्थिक नीति में पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने आयात शुल्क कम कर दिया, निजी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित क्षेत्र खोल दिया, निर्यात बढ़ाने के लिए भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन किया। इसे विकास का एलपीजी मॉडल भी कहा जाता है। 1989 में आइएमएफ ने चेतावनी भी दी थी। फिजूलखर्ची के कारण देश में भुगतान का संकट पैदा हो गया था। केंद्र में लगातार अस्थिर सरकारों का दौर था। संकट पर आंख बंद कर लेने की रणनीति से स्थिति बिगड़ती गई। अंततः खजाने की हालत की परवाह किए बिना खर्च की आदत 1991 में एक डरावने रूप में हमारे सामने आई। दूसरी ओर चीन और अन्य एशियाई देशों ने हमसे पहले ही अपने यहां राजकोषीय और ढांचागत बदलाव के कदम उठा लिए थे। 1991 में पानी सिर से ऊपर पहुंच गया था। भुगतान संकट से बचने के लिए सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा। तब पीवी नरसिंह राव सरकार ने आर्थिक सुधारों की दिशा में कदम उठाने का फैसला लिया। देश को खुली अर्थव्यवस्था बनाने का फैसला लिया गया। एक ओर बजट में उदारीकरण और वैश्वीकरण को अपनाने की बात कही गई, तो दूसरी ओर नई औद्योगिक नीति भी लाई गई। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि 1991 में किए गए आर्थिक सुधार देश के लिए ऐतिहासिक थे। पहले निजी क्षेत्र को सरकार से लाइसेंस लेना पड़ता था। एक नया उद्यम शुरू करने के लिए. इस नीति विभिन्न क्षेत्रों में निजी क्षेत्र को लाइसेंसिंग एवं अन्य प्रतिबंधों से मुक्त कर दिया गया - शराब, सिगरेट, रक्षा उपकरण, औद्योगिक विस्फोटक और खतरनाक रसायन। सीधे शब्दों में कहें तो निजीकरण का मतलब निजी क्षेत्र को ऐसे उद्योग स्थापित करने की अनुमति देना था जो पहले सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थे। इस नीति के तहत कई सार्वजनिक उपक्रमों को निजी क्षेत्र को बेच दिया गया। शाब्दिक रूप से कहें तो निजीकरण सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) के स्वामित्व में निजी क्षेत्र को शामिल करने की प्रक्रिया है।निजीकरण का मुख्य कारण यह था कि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे थे। प्रबंधक स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर सकते। उत्पादन क्षमता का कम उपयोग हुआ। प्रतिस्पर्धा और दक्षता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण अपरिहार्य था।पीएसयू के शेयरों को सार्वजनिक और वित्तीय संस्थानों जैसे सरकार को बेचना शुरू किया। मारुति उद्योग लिमिटेड के शेयर बेचे गए। अब निजी क्षेत्र इन सार्वजनिक उपक्रमों का स्वामित्व हासिल करेगा। निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 45प्रतिशत से बढ़कर 55त्न हो गई। उन सार्वजनिक उपक्रमों में विनिवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी जो घाटे में चल रहे थे। इसका मतलब है कि सरकार. इन उद्योगों को निजी क्षेत्र को बेच रहा है। पहले औद्योगीकरण और गरीबी दूर करने में मदद की दृष्टि से सार्वजनिक क्षेत्र को महत्व दिया जाता था। लेकिन ये पीएसयू इस उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो सके और नए आर्थिक सुधारों के तहत पीएसयू के संकुचन की नीति अपनाई गई। सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित उद्योगों की संख्या 17 से घटाकर 2 कर दी गई - रेलवे परिचालन और परमाणु ऊर्जा। वैश्वीकरण का शाब्दिक अर्थ है वैश्विक या विश्वव्यापी बनाना, अन्यथा संपूर्ण विश्व को ध्यान में रखना। मोटे तौर पर, वैश्वीकरण का अर्थ विदेशी निवेश, व्यापार, उत्पादन और वित्तीय मामलों के संबंध में घरेलू अर्थव्यवस्था का शेष विश्व के साथ संपर्क है।भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए आयात और निर्यात पर लगाए गए सीमा शुल्क और टैरिफ को धीरे-धीरे कम किया गया।

# अमृतकाल में जनजातीय समुदाय की आकांक्षाओं का सम्मान

■ विष्णुदत्त शर्मा



आज़ादी का ये अमृतकाल, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का काल है। भारत की आत्मनिर्भरता, जनजातीय भागीदारी के बिना संभव ही नहीं है। भारत की सांस्कृतिक यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अटूट रहा है। गुलामी के कालखंड में विदेशी शासन के खिलाफ खासी-गारो आंदोलन, मिजो आंदोलन, कोल आंदोलन समेत कई संग्राम हुए। गॉड महारानी वीर दुर्गावती का शौर्य हो या फिर रानी कमलापति का बलिदान, देश इन्हें भूल नहीं सकता। वीर महाराणा प्रताप के संघर्ष की कल्पना उन बहादुर भीलों के बिना नहीं की जा सकती जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर महाराणा प्रताप के साथ लड़ाई के मैदान में पने-आप को बलि चढ़ा दिया था। हम इस ऋण को कभी चुका नहीं सकते, लेकिन इस विरासत को संजोकर, उसे उचित स्थान देकर, अपना दायित्व जरूर निभा सकते हैं। जिसकी दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए है।

मई, 2014 में जब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी ने दायित्व संभाला, उसी दिन से जनजातीय समाज के उत्थान के प्रयास शुरू कर दिए थे। देश में 110 से अधिक जिले ऐसे थे, जो हर क्षेत्र में पिछड़े हुए थे। पहले की सरकार बस उनकी पहचान कर के छोड़ देती थी। मोदी जी की सरकार ने इन जिलों को आकांक्षी जिला घोषित किया। इन जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे अनेक विषयों पर शून्य से काम शुरू करके सफलता के नए आयाम स्थापित किये। हाल ही में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने कहा कि, 'सबका साथ, सबका विकास सिर्फ एक नारा नहीं है, यह मोदी जी की गारंटी है।' और निश्चित ही भारत सरकार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के आदर्शों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत आदिवासी समाज को, देश के विकास में उचित भागीदारी दी जा रही है।

मुझे याद है, 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में अमृतकाल के 25 वर्ष में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चार अमृत मंत्र दिए थे। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान-पीएम जन मन का शुभारंभ किया, जिसमें 75 विशेषरूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पोषण तथा आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाना है। जनजातीय गौरव दिवस पर ही प्रधानमंत्री जी ने सामाजिक न्याय तथा सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था, जिसमें गांव- गांव तक पहुंचकर हर गरीब, हर वंचित को सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाया गया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जनजातीय सशक्तीकरण के संकल्प स्वरूप ही श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी राष्ट्रपति निर्वाचित हुई हैं, जो भारतीय लोकतंत्र की एक अविस्मरणीय घटना है। हमारे देश में जनजातीय समाज को शीर्ष पर प्रतिनिधित्व देने में भी देश को सात दशकों की लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। हम लोगों ने यह भी देखा है जब जनजातीय समाज से आने वाले तुलसी गौड़ा जी, राहीबाई, सोमा पोपेरे जैसे महानुभावों को जब पद्म पुरस्कारों से लंकृत किया गया, तब वे राष्ट्रपति भवन के लाल कालीन पर नंगे पांव पहुंचे और भारतवर्ष समेत समूचे विश्व ने तालियां बजाई क्योंकि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने साधारण दिखने वाली न साधारण हस्तियों का सम्मान किया था। देश की कुल जनसंख्या में आदिवासियों की संख्या नौ प्रतिशत ह। किंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके उत्थान के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए। पहली बार एनडीए की श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1999 में एक अलग मंत्रालय बनाने के साथ ही 89 वें संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना की। अटल जी ने जो शुरुआत की थी, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उसे बहुआयामी गति दी है और लंबे समय तक हाशिये पे रहा जनजातीय समुदाय आज विकास की मुख्यधारा का हिस्सा है।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय को दिशा मिली है। हम सब जानते हैं कि वनवासियों के साथ बिताए समय ने ही एक राजकुमार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उस कालखंड में प्रभु श्री राम ने वनवासी समाज से जो प्रेरणा पाई थी और उसी से उन्होंने सबको साथ लेकर चलने वाले रामराज्य की स्थापना की। प्रधानमंत्री जी भी प्रभु श्री राम के राज्य से प्रेरणा प्राप्त कर जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में ही प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा में आदिवासी बच्चों की सहभागिता बढ़ी है। पहले केवल 90 एकलव्य विद्यालय खुले थे, जबकि 2014 से 2022 तक मोदी सरकार ने 500 से अधिक 'एकलव्य विद्यालय' स्वीकृत किए। देश में नए केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। 'आयुष्मान भारत योजना' में करीब 91.93 लाख लाभार्थी जनजातीय वर्ग से ही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आदिवासियों के लिये 65.54 लाख आवासों के लिये स्वीकृति दी जा चुकी है। स्वच्छता मिशन में जनजातीय वर्ग के 1.48 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं। जल जीवन मिशन के तहत आदिवासी क्षेत्रों में करीब 1.35 करोड़ घरों में पाप के जरिये जलापूर्ति हो रही है।1 करोड़ से अधिक जनजातीय किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय प्रति वर्ष 35 लाख जनजातीय छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। लगभग 90 लघु वन उत्पादों पर सरकार एमएसपी दे रही है। 80 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में सवा करोड़ से अधिक सदस्य जनजातीय समाज से हैं और उनमें भी बड़ी संख्या महिलाओं की है। आदिवासियों के बनाए उत्पादों को नया मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। जनजातीय समाज द्वारा उत्पादित मोटा अनाज आज भारत का ब्रांड बन रहा है। साथ ही कौशल भारत मिशन, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार जनजातीय समुदाय को विकसित भारत की इस यात्रा में सम्मिलित कर रही है। सही मायने में हम यह कह सकते हैं कि अमृतकाल में जनजातीय समुदाय की आकांक्षाओं का सम्मान हो रहा है।

**लेखक–भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद है।**

## 188 ग्रामीणों को किया पट्टा वितरण



**सिवनी मालवा।** प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सांटई के अंतर्गत आने वाले ग्राम गांगिया में 188 पटटे का वितरण ग्रामीणों को किया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधि रघुवीर सिंह राजपूत, प्रवीण अवस्थी अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद गुर्जर, तहसीलदार राकेश खजुरिया, ग्राम पटवारी नरेन्द्र सोलंकी, ग्राम सचिव अर्जुन सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत सांटई सरपंच लता देवड़ा , ग्राम पंचायत घाना के सरपंच पत्रकार संतोष चंदेल पूर्व सरपंच विष्णु लोवंसी,श्री राम राजपूत, सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में पट्टे वितरित किये गए।

## दौड़ में गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पांचवी राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप बालयोगी स्टेडियम हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित 8 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रधान आरक्षक रवीश बोहरे रक्षित केंद्र नर्मदापुरम ने 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल एवं शकील खान ने 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीतकर नर्मदापुरम का एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। नर्मदापुरम के खिलाड़ियों एवं नागरिकों इन दोनों खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं द।

### 101 किलो की भव्य माला से किया विधायक का स्वागत और सम्मान

# पार्किंग समस्या का बहुत जल्द ही होने जा रहा है समाधान: विधायक डॉ.शर्मा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

इटारसी नगर की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग को लेकर थी, खासकर मार्केट एरिया में पार्किंग समस्या विकराल थी। अब उसका स्थायी समाधान अब बहुत जल्द हो जायेगा। क्योंकि नपा इटारसी को बस स्टेंड पर मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण के 4 करोड़ की राशि प्रदेश शासन से स्वीकृत हो गई है। उक्त घोषणा क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने तुलसी चौक पर संयुक्त व्यापारी महा संगठन द्वारा आयोजित अपने सम्मान समारोह में की। उन्होंने कहा कि आपके संगठन द्वारा भी विगत एक वर्ष से लगातार इसकी मांग की जा रही थी जो अब जल्द पूरी होने जा रही है।

महासंगठन की ही एक दूसरी मांग के जवाब में उन्होंने कहा कि शहर में बाहर से आकर सेल लगाने वालों की सूक्ष्म रूप से जांच कराने की मांग को लेकर आपके संगठन के लोगों के साथ, जल्द ही मैं खुद संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने चलूंगा। हालांकि मैं स्थानीय स्तर पर और भोपाल स्तर पर भी पूर्व में ही पत्राचार कर यह मांग कर चुका हूं। पर अब ग्राउंड लेबल पर इसका जल्द अमल कराने के लिए हम मिलकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि आपके संगठन ने यह बहुत गंभीर विषय मेरे संज्ञान में लाए, क्योंकि इससे शहर का व्यापार तो प्रभावित हो ही रहा है, शहर की सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है। अतः यह जानना जरूरी है कि बाहर से आए ये लोग कौन हैं, इनके पास जी एस टी नंबर है या नहीं आदि आदि। यह समस्या नर्मदापुरम और सोहागपुर में भी सामने आई है। दुकानों के अतिक्रमण हटाते समय कल कुछ दुकानों की नालियों पर बिछी फर्शियां नपा अमले द्वारा तोड़ दिए जाने पर संगठन की इस मांग कि अतिक्रमण हटाएं पर दुकानदार का कोई नुकसान नहीं हो विधायक ने भरोसा दिलाया कि अब ऐसा नहीं होगा। पर उन्होंने यह भी कहा कि दुकानदारों को गंभीरता से सोचना होगा कि उनके इस तरह से सड़क पर अतिक्रमण से उनका व्यापार भी कम हो रहा है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक डॉ. शर्मा का भव्य व आत्मीय स्वागत संगठन कार्यकारणी द्वारा 101 किलो वजन की एक बड़ी माला से किया गया। कड़कड़ाती ठंड में उपस्थित करीब 200 प्रमुख व्यापारियों ने पृथक पृथक भी विधायक का स्वागत किया व साथ ही कुछ ने अपनी अपनी समस्याएं भी विधायक व नपा अध्यक्ष को बताई। स्वागत उद्बोधन उद्योगपति सतीश सांवरिया ने दिया। महासंगठन के सरंक्षकों विश्वनाथ सिंघल, संदेश पुरोहित, चंद्रकांत अग्रवाल सहित संयोजक धर्मदास मिहानी, संगठन सचिव कैलाश नवलानी, कोषाध्यक्ष विक्रांत बड़कुल, मोहनलाल चेलानी आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महासंगठन के अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव हरीश अग्रवाल, सरंक्षक शिवाकांत पांडे गुड्डन, सुधीर गोठी, अरविंद गोयल एडवोकेट, बार एसो अध्यक्ष संतोष गुरियानी, विपिन चांडक, संदेश अग्रवाल, मनीष रामजीलाल आदि महासंगठन के कई पदाधिकारी व व्यापारी सदस्य उपस्थित थे। संचालन चंद्रकांत अग्रवाल और सत्येंद्रपाल सिंह जग्गी ने आभार व्यक्त किया।

### व्यापारियों ने पार्किंग के लिए एक मैदान किराए पर लिया है

उन्होंने भोपाल चौक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां तो व्यापारियों ने मिलकर पार्किंग के लिए एक मैदान किराए पर लिया है, ताकि उनकी दुकानों के आस पास आवागमन सुगम रहे और उनका व्यापार बढ़े। डॉ. शर्मा ने व्यापारियों को अपनी ब्रांच पुरानी इटारसी के बैतूल रोड पर भी खोलने की सलाह भी दी। शहर में कोई बड़े उद्योग को लाने की मांग पर वे बोले कि मोहासा में ज्यादा सुविधाएं मिलने से यह संभव नहीं हो पाया पर अब हम मीडियम और स्माल इंडस्ट्रीज को शहर में अधिकाधिक संख्या में लाने के प्रयास कर रहे हैं और इस हेतु इटारसी के इंडस्ट्रियल एरिया को शासन द्वारा विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। अतः यहां धान का उत्पादन बढ़ने से इतनी अधिक राइस मिल्स लग गई हैं कि अब रोक लगानी पड़ रही है। वेयर हाउस इंडस्ट्रीज भी सेचुरेशन लेबल पर आ गई है। प्रायः व्यापारी वर्ग, नेताओं से सिर्फ सुविधाएं और सुरक्षा चाहता है और इसके लिए मैं और नपा अध्यक्ष संकल्पित हैं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि व्यापारियों की किसी भी समस्या के समाधान में मैं और मेरी परिषद हमेशा आपके संगठन के साथ खड़ी दिखेगी आपको।

## स्वामित्व योजना: प्रधानमंत्री मोदी ने जिले के 539 हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार पत्र का किया वितरण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाबुआ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के तहत सभी तहसीलों में पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी भू अधिकार पत्र का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम का जिले के सभी तहसीलों में लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें सांकेतिक रुप से स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भू अधिकार पत्र वितरित किए गए। संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन ने बताया कि नर्मदापुरम ग्रामीण में 26, इटारसी में 47 , पिपरिया में 35, बनखेड़ी में 52 डोलरीया में 21 सिवनी मालवा में 147 और सोहागपुर मे 211 इस प्रकार कुल 539 हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार पत्र का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

## भारतीय जनता पार्टी चला रही है गांव चलो अभियान, कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं गांव-गांव



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



नगर मंडल सिवनी मालवा के चंद्र शेखर आजाद वार्ड प्रभारी प्रवीण अवस्थी पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा नगर महामंत्री एड. विजेंद्र यादव वार्ड पार्षद डा. किरण शिव राठौर नगर उपाध्यछ हरिओम पाल शक्ति केंद्र वार्ड क्रमांक 13 में बूथ क्रमांक 84/85 मैं दौरा किया। तथा वार्ड की बैठक, प्रभात फेरी, मंदिरों के दर्शन, दीवार लेखन,वरिष्ठ जनों से मुलाकात, मंदिरों की साफ सफाई, सामाजिक संगठनों से मुलाकात ,मतदाता सूची का अवलोकन, पन्ना प्रमुखों से चर्चा, नव मतदाताओं को जोड़ना आदि सभी आवश्यक कार्य जो 2024 में अबकी बार 400 के लिए भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए थे उन्हें वार्ड के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, वार्ड संयोजक, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, मातृशक्ति, सभी की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न कराये।वही दूसरी और गांव चलो घर-घर चलो अभियान गांव चलो अभियान के तहत शिवपुर मंडल के , ग्राम रिची, कोलगांव अर्चना गांव, पापन, उमरिया, पगडाल अमलाडा कला,घाना ,गुरंज घाट, बांदर खो परसवाड़ा सहित कई ग्रामों का दौरा एवं रात्रि विश्राम अमलाडा बूथ क्रमांक 100 में किया एवं मोदी सरकार के द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की ग्रामीणों से चर्चा की।

## बच्चों के शारीरिक विकास के लिए एफएलएन मेले का आयोजन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**




राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देश पर समस्त मध्यप्रदेश में आज 9 फरवरी से एफएलएन मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी के चलते विकासखंड सिवनी मालवा की समस्त शासकीय प्राथमिक शाला में एफएलएन मेले का आयोजन किया जा रहा है जिससे बच्चों के शारीरिक विकास बौद्धिक विकास भाषा विकास एवं गणित की पूर्व तैयारियों को परखने के लिए एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों की शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमताओं को परखने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन विकास खंड की समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में किया गया।

प्रमुख गतिविधियों में संतुलन बनाकर चलना,दौड़ना, कूदना,पेपर फोल्डिंग, विभिन्न चित्रांकनों का मिलान,वर्गीकरण,वस्तुओं को क्रमबद्ध करना, रंगों की पहचान, आकार की पहचान, चित्र वाचन, पढ़ना,अंको पहचान, गणना, जोड़ घटाना आदि अनेक प्रकार की शारीरिक बौद्धिक एवं भाषा विकास की गतिविधियां कराई गई। मेले में बच्चों की माताओ ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने बच्चों की प्रगति का जीवंत अनुभव किया मेले के समापन पर सभी बच्चों को एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए । एफएलएन मेले को सफल बनाने के लिए जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी मालवा एवं जिला शिक्षा केंद्र नर्मदा पुरम के अधिकारियों द्वारा मेले का सघन अवलोकन किया गया। इसी क्रम में दूरस्थ वन ग्राम नापुपुरा,इकलानी, भावंदा पीपलगोटा एवं केवलाझिर में बीआरसी संतोष कुमार शर्मा द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र परपची एवं एकलव्य संस्था से प्रियेश दीवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

**मेट्रो एंकर**

### अधिकारियों ने पैदल ट्रैक कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# पचमढ़ी में 29 फरवरी से 9 मार्च तक इस बार आयोजित होगा महादेव मेला



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

इस वर्ष महादेव मेला 29 फरवरी से 9 मार्च तक पचमढ़ी में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने भ्रमण कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार वैभव वैरागी, एसडीओ फॉरेस्ट विद्या भूषण केहलवा, थाना प्रभारी पचमढ़ी उमाशंकर यादव, नायब तहसीलदार दिनेश मेहता, होमगार्ड निरीक्षक शिव शंकर , उप यंत्री लोकनिर्माण विभाग कैलाश गुर्धे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पैदल ट्रैक कर बड़ा महादेव मंदिर से चोरागढ़ मंदिर होते हुए नादीयान घाट का भ्रमण किया। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित की वे प्रमुख मंदिरों के पहुंच मार्गों के मरम्मत योग्य पॉइंट को चिन्हित कर शीघ्र सुधार कार्य कराएं।

उन्होंने मेला स्थल सहित सभी मंदिर मार्गो पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने निर्देश दिए। उन्होंने मार्गो पर प्रकाश की पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, बिजली व्यवस्था, मार्गो पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग को मेला अवधि के दौरान विभिन्न प्वाइंटों पर चिकित्सा शिविर लगाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने महादेव मेले में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था का सुचारू क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए ताकि जाम की स्थिति निर्मित ना हो।




# भाजपा प्रवासी कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मोदी सरकार की नीतियां बताईं

## बूथ केंद्रों पर मनाई पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भाजपा कार्यकर्ताओं ने समर्पण दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर विधानसभा के नगर एवं ग्रामीण मंडल के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मतदान केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पंडित दीनदयाल जी के विचारों का स्मरण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बूथ पर पहुँचे प्रवासी भाजपा पदाधिकारीयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रदान किए एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के कल्याण के मंत्र को साझा करते हुए उनके जीवन एवं जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में दिए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश यादव, शिवकुमार भार्गव, सचिन शर्मा, आदि भाजपा नेता शामिल रहे।





### भाजपा कार्यकर्ता संग घर-घर पहुँचे पर प्रवासी नेता

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर भाजपा संगठन ने गाँव चलो अभियान के अंतर्गत घर चलो अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान के लिए भाजपा संगठन ने प्रत्येक बूथ पर एक प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में भाजपा नेताओं की तैनाती की थी। बूथ पर आयोजित कार्यक्रम के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने बूथ केंद्रों के अंतर्गत आने वाले परिवारों में संपर्क कर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और रीति नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने अपने बूथ पर 24 घंटे का प्रवास किया।

### प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह लटेरी रोड स्थित दीनदयाल मानस उद्यान में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। ओस दौरान रमेश यादव संतोष चैरे,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, बलजीत यादव रिंकू यादव, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शहर के विभिन्न वार्डों और मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित हुए

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 18 के बूथ क्रमांक 229,230 पर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि मनाई और उपाध्याय जी के चित्र पर माल्या अर्पण करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही उनके बताएं रास्ते पर चलकर मानव कल्याण की सेवा करने का संकल्प भी लिया। जिसमें विस्तारक राहुल मारण ने गांव चलो अभियान के बारे में बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नपा इंजीनियर की मिली भगत से ठेकेदार घटिया सीमेंट से कर रहे हैं सीसी सड़क निर्माण ?

## जांच के नाम पर खानापूर्ति

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विधायक के द्वारा लगातार मंचों से घटिया काम करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ उनके द्वारा भ्रष्टाचारियों को भी सीधी चेतावनी देते कहा जा रहा है ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा और भ्रष्टाचारियों को नहीं छोड़ूंगा लेकिन विधायक के निर्देशों को हवा उड़ने का काम नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी करते हुए नजर आ रहे हैं तभी तो अधिकांश ठेकेदार घटिया मटेरियल से सी सी सड़क डालकर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। नगर पालिका के जिम्मेदार जानकर भी अनजान होने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं या इनकी मिली भगत से ही घटिया काम हो रहा है। तभी तो शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। वार्ड नंबर 4 में घटिया सीमेंट से सीसी मार्ग बनाने का




काम ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें निम्न स्तर का सीमेंट तथा चूरी भी डाली जा रही है ऐसी शिकायत वहां के रहवासी कर रहे हैं। नर्मदा रेत केवल दिखाने के लिए रख लेते हैं पर डालने का काम नहीं किया जा रहा है इस वजह से यहां पर नर्मदा रेत की जगह पर चूरी भी डाली जा रही है।

खान ने बताया कि बहुत ही घटिया निर्माण हो रहा है हमारी शिकायत के बाद भी ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा जिम्मेदार देखने के लिए नहीं आते हैं। जिस हिसाब सड़क बन रही है उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि सड़क जल्दी ही गढ़ों में तब्दील हो जाएगी या फिर भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए सड़क का निर्माण हो रहा है तभी तो गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है पहले भी इसी तरह के घटिया निर्माण होने के कारण सड़कों भ्रष्टाचार की भेंट चर्चा की है एक बार फिर उसी रास्ते पर शहर में काम हो रहा है। क्योंकि अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा नगरपालिका के जिम्मेदारों से 60-गार्डन करके स्केल को अंजाम दिया जाता है तभी तो ओपन थ्री जांच करने के लिए पहुंचते नहीं है एन अधिकारी जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे हैं इस वजह से घटिया निर्माण का खेल नगर में चल रहा है जनता की मेहनत की कमाई के पैसों का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है अब देखना है की घटिया काम को गुणवत्ता पूर्ण करवाया जाएगा या फिर इसी तरह घटिया काम होता रहेगा।

### पहले भी खुल चुकी है पोल

कुछ दिन पहले ही सूचना पर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ रामप्रकाश साहू ने मौके पर पहुंचकर घटिया निर्माण होते हुए पाया था फिर यहां से चूरी हटवाकर नर्मदा रेत बुलवाई गई थी घटिया सीमेंट घटाने के निर्देश दिए थे। फिर भी घटिया सीमेंट का उपयोग आज भी जारी है शायद जिम्मेदारियां ने गंभीरता से सड़क बनाने वाले ठेकेदार को निर्देशित नहीं किया था या फिर मीडिया के सामने औपचारिकता पूरी करने के लिए निर्देश देकर खाना पूर्ति करने के लिए बोल दिया था। तभी तो घटिया सीमेंट का उपयोग सड़क निर्माण में अभी भी जारी और चूरी का उपयोग भी हो रहा है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नल जल योजना, करोड़ों खर्च, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सरकार की हर घर नल से जल देने की योजना जिले में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। गांव-गांव नल जल योजना के तहत पानी टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना का लाभ ग्रामीणों को समुचित तरीके से नहीं मिल रहा है। हालात यह हैं कि लाखों रुपए की लागत से बनाए गए प्रोजेक्ट महीने दो महीने में ही फेल हो रहे हैं। कहीं मोटर खराब तो कहीं प्रोजेक्ट तैयार करने में बरती गई लापरवाही के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। कुछ गांव तो ऐसे भी हैं जहां वर्षों से नल जल योजना का कार्य चल रहा लेकिन पूर्ण नहीं हो सका। जिसके कारण मई-जून के महीने में जलसंकट गहरा सकता है। वहीं विभाग भी गर्मी में जलसंकट से निपटने के लिए किसी प्रकार की कार्ययोजन तैयार नहीं की और न ही नल-जल योजना से जल आपूर्ति के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके कारण आज भी जनपद सिरोंज के आफताब नगर, गरेंठा ,कोरबासा सहित दर्जन भर से अधिक ग्राम पंचायत में पानी टंकी से जल आपूर्ति के लिए समस्या बनी हुई है।

**केस-1** लखन कर्मी ने बताया की मुख्यालय से सटे ग्राम आफताब नगर में 18 महीने पहले तैयार हुए पानी की टंकी से पूरे गांव को पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। आज भी ग्रामीणों को हैंड पंप में लाइन लगाना पड़ता है।

**केस-1** श्याम सुंदर शाक्य ने बताया की ग्राम पंचायत गरेंठा में बीते 10 साल पहले पानी की टंकी का निर्माण किया गया था जो महज 4 दिन चलकर बंद हो गई वही 2 वर्ष पूर्व एक और नवीन टंकी का निर्माण किया गया जो आज भी बंद पड़ी है, भ्रष्टाचार करने का नए तरीका ढूंढते हुए दूसरी टंकी का निर्माण किया गया। ग्रामीण कई बार अधिकारियों से शिकायत भी किए लेकन असर नहीं हुआ।

**केस-3** ग्रामीण सोनू धाकड़ ने बताया कि कोरबासा में 2 वर्ष पहले नल जल से पानी की सप्लाई शुरू की गई थी। जो करीब 2सप्ताह चलने के बाद मोटर में खराबी आने से बंद पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेका कंपनी द्वारा निमार्ण कार्य में जमकर लापरवाही की गई है। क्षमता से कम मोटर डालने से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

**केस-4** ग्राम पंचायत चाठोली संजीब दांगी ने बताया कि कई सालो पहले तैयार हुए प्रोजेक्ट से अभी तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी गिनती के चार दिन जल आपूर्ति हुई उसके बाद से सब कुछ बंद पड़ा है। गर्मी के दिनों में यहां ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए कोसों दूर जाने को मजबूर होना पड़ता है।



### विभाग की उदासीनता से बंद पडी सरकार की महत्वपूर्ण योजना

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व मैदानी अमला के उदसीनता के कारण नल जल योजना जिले में दम तोड़ रही है। प्राजेक्ट निर्माण में विभाग व ठेका कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पानी टंकी के निमार्ण कार्य से पानी की सप्लाई तक की मॉनीटरिंग विभाग के द्वारा नहीं किया जाता है जिसके कारण ठेका कंपनी मनमाने तरीके से टंकी का निमार्ण व पाइन लाइन बिछाने के साथ ही क्षमता से कम मोटर पंप डालकर कार्यपूर्ण दिखा देते हैं, जिसके कारण प्रोजेक्ट कुछ ही दिनों में फेल हो जा रहे हैं। वहीं विभाग इसे अपना प्रोग्रेस रिपोर्ट मान कर प्रशासन को गलत जानकारी दे रही है।

### इनका कहना है

*ग्राम पंचायतो में पानी की व्यवस्था के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं कई जगह मोटर खराब है तो कई जगह कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण लाइन चालू नहीं है मार्च तक सभी जगह पानी सप्लाई चालू करने का लक्ष्य लिया है।*

***जसवंत सिरोही**, प्रभारी एसडीओ पीएचई विभाग सिरोंज*

# अपना काम जिम्मेदारी के साथ करें अन्यथा आज ही रिजाइन दे सकते हैं : सीएमएचओ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जिला स्वास्थ्य अधिकारी योगेश तिवारी ने शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया अस्पताल की व्यवस्थाओं व स्टाफ की लचर कार्य प्रणाली को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि अपना काम पूरी जिम्मेदारी से करें अन्यथा आज ही रिजाइन दे सकते हैं जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने स्टाफ व आशा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए क्षेत्र में सतत रूप से सुचारू काम करने की बात

### बच्चों को देने वाले भोजन मैन्यू, स्वच्छ पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर जताई चिंता

कही उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अब से किसी की भी कोई शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई करूंगा।

**एनआरसी वार्ड पर जताई चिंता:** एनआरसी बार्ड की अव्यवस्थाओं को लेकर भी सीएमएचओ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि साफ-सफाई व बच्चों को देने वाले मेनू में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए वार्ड में स्वच्छ पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिंता जताई और कहां की यही बच्चे कल का भविष्य है इनके जीवन को संवारने का आपको मौका मिला है नौकरी नहीं परिवार के रूप में एनआरसी में काम करना होगा।

### प्रसूति महिलाओं के लिए अब नहीं होगी कोई परेशानी

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में बने प्रस्तुति वार्ड में आए दिन जगह को लेकर परेशानी आती रही है ईसी को ध्यान में रखते हुए नवीन प्रस्तुति वार्ड तैयार किया जा रहा है अब प्रसूति महिलाओं को 2 घंटे बाद दूसरे वार्ड में शिफ्ट करने का प्लान तैयार किया गया है चिकित्सालय के फर्स्ट फ्लोर पर जाने के लिए प्रसुताओं को लिफ्ट की सुविधा मिलेगी नवीन प्रसूति वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लिफ्ट शिफ्टिंग की बात कही है।

### इनका कहना है

*शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय का निरीक्षण किया बैठक लेकर सभी को एक रूप से काम करने के निर्देश दिए हैं किसी भी तरह की कोई लापरवाही पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।*

***योगेश तिवारी**, सीएमएचओ विदिशा*

# बजरंग दल विश्व परिषद का एक दिवसीय प्रशिक्षण,हर परिवार को जोड़ने पर दिया जोर

**सिरोंज।** रविवार को तहसील रोड स्थित निजी गार्डन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। जिसमें किस तरीके से कार्यकर्ताओं को समाज के बीच रहकर समाज को जोड़ने और सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने हैं उसके बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना ने कहा कि हिन्दी परिवार गलत मानसिकता वाले लोगों से बचाना है हर गतिविधि पर नजर रखें। सभी लोग अपने-अपने स्तर से कम करें हर व्यक्ति और हर परिवार को संगठन से जोड़ना है। उसके लिए सभी लोग मिलकर काम करें अन्य कार्यक्रमों के बारे में भी रूपरेखा बनाए गए उसके बारे में बताया गया। इस दौरान। जिला संयोजक जगदीश शाक्य ,जिला धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख अर्जुन शाक्य, प्रखंड अध्यक्ष अनिल राठौड़ , तुलसी नारायण शाक्य, रोहित यादव, चारु सोनी , अशोक , नितेश , कपिल खत्री, दिनेश, भानु , गौरव आदि मौजूद थे।



**मेट्रो एंकर** | दिन व दिन बढ़ता ही जा रहा जनपद सदस्यों व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों का विवाद

# दो विधायकों के बीच में चल रहे सिरोंज जनपद पंचायत शह और मात के खेल में जनपद सदस्य परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत के सदस्यों और जनपद में पदस्थ कर्मचारियों व जनपद सीईओ के बीच में काफी समय से विवाद चल रहा है। जब जब जनपद कार्यालय में बैठक आयोजित की जाती है तब तब बैठक में जनपद सदस्य आक्रोषित दिखते है। वही राजनैतिक गलियारो में चर्चाए हो रही है कि सह और मात का खेल चल रहा है। इस खेल को कोई समझ पा रहा है तो कोई समझ ही नही पा रहा। इस जनपद में दो विधायको का कार्य क्षेत्र आता है सबसे अधिक क्षेत्र सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के अधिकार में आता है। वही कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे के पास 39 पंचायतों का क्षेत्र आता है। यह 39 पंचायतों का विधानसभा क्षेत्र कुरवाई में लगता है, इसलिए राजनैतिक समीकरण भी गडबड हो जाते है। जनपद पंचायत में 25 जनपद सदस्य है और पूर्ण बहुमत भाजपा का है। जनपद पंचायम में 18 महिला जनपद सदस्य व 6 पुरूष सदस्य निर्वाचित होकर कार्य कर रहें है। वर्तमान में अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा बाई हमीर सिंह यादव है तो उपाध्यक्ष श्रीमति शषि राकेष शर्मा है। स्थिति यह है कि जनपद अध्यक्ष पुष्पा बाई के पति हमीर सिंह यादव पूर्व में भी जनपद पंचायत के अध्यक्ष रह चुके है। उस समय स्व लक्ष्मीकांत शर्मा ने इन्हें अध्यक्ष



बनवाया था। वर्तमान में जनपद के अध्यक्ष व उपाध्याक्ष को क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने ही बनवाया था और दोनो ही उमाकांत शर्मा केंडेट माने जाते है। लेकिन वर्तमान में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमति शषि राकेष शर्मा का झुकाब कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे की तरफ अधिक होने के कारण कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने जनपद उपाध्यक्ष श्रीमति शषि शर्मा के पति राकेष शर्मा को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। पिछले दिनो सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार लगभग 15 जनपद सदस्यो की एक बैठक कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में रखी गई थी। उस बैठक को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहें है।

### जनपद सदस्यों को अभी तक प्राप्त नही हुई विकास निधि

जनपद सदस्यों के लिए शासन की ओर से लगभग ढेर वर्ष से कोई निधि नही आई। इस कारण सदस्यो का आक्रोषित होना भी सौभाविक है। क्योकि जब अपने अपने क्षेत्रो में जनपद सदस्य पहुचते है तो वहा के ग्रामीण जन उनसे विकास की बात करते है तो तब सदस्य ग्रामीणो के आगे अपनी गर्दन झुका लेते है। आखिर जब सदस्यों के पास विकास निधि ही नही आ रही तो वह अपने क्षेत्र विकास कार्यो को कैसे करें। वर्तमान में देखा जा रहा है कि जनपद सदस्य कई महिनों से अपने जनपद क्षेत्र में भी जाने से कतरा रहे है। क्योकि जब वह अपने क्षेत्र में जाते है और ग्रामीण विकास की बात करते है तो उन्हे निराष होकर वापस लौटना पड़ता है।

### आखिर जनपद सदस्यों व अधिकारी,कर्मचारियों का क्या विवाद

जनपद पंचायत की प्रत्येक बैठक में हमेषा देखा जा रहा है कि बैठक में सभी विभागो के अधिकारी नही पहुचतें। बैठक में जनपद सदस्य उन विभाग के प्रष्न आखिर किस से पूछे और किस से जवाब लें। इसको लेकर जनपद सदस्यो में जनप्रतिनिधि वरिष्ठ प्रषासनिक अधिकारियों को पत्र देकर जानकारी दे चुके है और इस मामले को लेकर अकसर मीडिया को बताते रहते है लेकिन इसके बाद भी बैठक में कई विभागो के वरिष्ठ अधिकारी नही पहुचते है। यह समझ के परे है कि इतना कुछ होने के बाद भी अधिकारी जनपद की बैठक में क्यो नही पहुचते। इस मामले को अकसर जनपद सदस्य उठाते है लेकिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुप्पी साधे बैठे रहते है। वही इस मामले को लेकर राजनैतिक गलियारो में तरह तरह के कयास लगाए जा रहें है।

### जनपद सीईओ का आखिर क्या मामला

जनपद पंचायत सिरोंज में पदस्थ सीईओ वंदना शर्मा काफी लंबे समय से सिरोंज जनपद में ही पदस्थ है। अकसर वह विवाद के बीच गिरी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रो मे क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भी व्यवस्थाओं को लेकर वह हमेषा विधायक की फटकार से बचती नजर आती है। जैसे की तीर्थ क्षेत्र देवपुर का मामला,सिरोंज क्षेत्र मे आयोजित 26 जनवरी के सामूहिक कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक को दो टूक जवाब देना। जनपद पंचायत की बैठक में अकसर जो विवाद होते है उन विवाद को चाहे तो जनपद सीईओ इतनी समक्ष है कि वह उन विवादो का निराकरण स्वंय कर सकती है लेकिन उनकी कार्यषैली सभी के समझ से परे है। जनपद सदस्यो को विकास कार्य एंव अन्य कार्यो को लेकर षिकायत हमेषा रहती है। जनपद सीईओ वंदना शर्मा यदि चाहे तो यह विवाद आसानी से शांत हो सकते है। चाहे फिर निर्माण कार्यो का मामलो हो या फिर सरंपच व सचिवो का मामलो हो सारी समस्याओं को समाधान जनपद सीईओ कर सकती है।

## टीम इंडिया अंडर 19 विश्व कप नहीं जीत सकी, उदय के दामन पर हार का दाग

# कैफ से लेकर कोहली तक फाइनल में फ्लॉप रहे हैं भारतीय कप्तान

**बेनोनी, एजेंसी**

टीम इंडिया को अंडर 19 विश्व कप 2024 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा. उसे ऑस्ट्रेलिया ने एक तरफा मुकाबले में हरा दिया. इस मैच में भारतीय कप्तान उदय सहारन महज 8 रन बनाकर आउट हुए. उदय के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. वे भी उन कप्तानों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं जो फाइनल में कुछ खास नहीं कर सके. इस लिस्ट में मोहम्मद कैफ और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं। बता दें कि अंडर 19 विश्व कप 2024 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 253 रन बनाए. इसके जवाब में टीम इंडिया 174 रन ही बना सकी. उसे 79 रनों से हार का सामना करना पड़ा. भारत के लिए आदर्श सिंह ने 47 रनों की पारी खेली. अभिषेक ने 42 रनों का योगदान दिया।



### कप्तान उदय सहारन महज 8 रन बनाकर आउट हुए

अगर अंडर 19 विश्व कप में भारत के इतिहास को देखें तो इसमें उनमुक्त चंद को छोड़कर कोई भी कप्तान फाइनल में सफल नहीं रहा है. विराट कोहली, मोहम्मद कैफ और पृथ्वी शॉ समेत सभी कप्तान फाइनल में जल्दी ही विकेट गंवा बैठे. इस लिस्ट में उदय सहारन का नाम भी शामिल हो गया. वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में 18 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए. उदय ने इस पारी में एक भी बाउंड्री नहीं लगाई।



### कम रन बनाकर कप्तान हुए आउट

अंडर 19 विश्व कप 2000 में भारत की कप्तानी मोहम्मद कैफ ने की थी. वे इसके फाइनल में 18 रन बनाकर आउट हुए थे. 2006 में भारत के कप्तान रविकांत थे. वे महज 1 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे. विराट कोहली ने 2008 में कप्तानी की थी. वे 19 रन बनाकर आउट हुए थे. ईशान किशन ने 2016 में कप्तानी की. वे फाइनल में 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे. पृथ्वी शॉ 2018 में 29 रन बनाकर आउट हुए. प्रियम गर्ग 2020 में 7 रन बनाकर चलते बने. यश धुल 2022 में 17 रन बनाकर विकेट गंवा बैठे थे।

### भारत का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना तोड़ा है...

अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा. कंगारुओं ने खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को 79 रनों से हरा दिया. इसके साथ ही भारत का छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना भी टूट गया. पिछले 8 महीनों में तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत को हराया है. वहीं पिछले साल ही ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को शिकस्त दी थी. ऐसे में तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने भारत का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना तोड़ा है.

# इंग्लैंड के एजबेस्टन मैदान पर 3 जुलाई से होगा टी-20 लीग



**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड में साथ खेलते नजर आएंगे युवराज, अफरीदी और पीटरसन अगर आप युवराज सिंह, शाहिद अफरीदी या केविन पीटरसन जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स के फैन हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। ये सितारे एक साथ टी-20 लीग खेलते नजर आएंगे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स नाम की लीग में ये खिलाड़ी अगली गर्मियों में इंग्लैंड के एजबेस्टन में मैदान में उतरेंगे। लीग की शुरुआत 3 जुलाई से होगी।

**बड़ी क्रिकेटिंग कंट्रीज के खिलाड़ी शामिल होंगे:** इस लीग में भारत, पाकिस्तान और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भी ऐसे खिलाड़ी शिरकत कर सकेंगे जो या तो रिटायर हो चुके हैं या इस समय किसी बोर्ड के कॉन्ट्रैक्ट में नहीं बंधे हैं। बॉलीवुड फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन कंपनी जबावा एंटरटेनमेंट इस टूर्नामेंट को ऑर्गेनाइज कर रही है।

**90 और 2000 के दशक के सितारे दिखेंगे:** जबावा के डायरेक्ट हर्षित तोमर ने कहा- इस लीग में वैसे खिलाड़ी खेलेंगे जिनके दुनियाभर में करोड़ों फैंस हैं। इन खिलाड़ियों ने 90 और 2000 के दशक में अलग-अलग देशों में अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता है। डब्ल्यूसीएल के प्लेटफॉर्म पर दर्शकों को इन्हें फिर से देखने का मौका मिलेगा। युवराज, अफरीदी और पीटरसन से कॉन्ट्रैक्ट हो चुका है। बाकी सितारों के नाम की घोषणा भी जल्द होगी।

**टी-20 क्रिकेट के पहले पावर हिटर हैं युवराज:** भारतीय सितारे युवराज सिंह की गिनती टी-20 क्रिकेट में पावरहिटिंग की शुरुआत करने वाले बल्लेबाजों में होती है। उन्होंने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के जमाए थे। युवराज इस फॉर्मेट के इंटरनेशनल क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे। वहीं शाहिद अफरीदी ने 1996 में नैरोबी में श्रीलंका के खिलाफ 37 गेंदों पर शतक जमाया था। लंबे अरसे तक यह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड था।

### इंजरी के बीच मिली बड़ी खुशखबरी

# राजकोट टेस्ट में भारतीय बैटर केएल राहुल का खेलना तय!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

स्टार भारतीय बैटर केएल राहुल ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर की, जिसमें वो बैटिंग का अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं. इस वीडियो को देख यही लग रहा है कि वो राजकोट टेस्ट खेल सकते हैं. भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी, गुरुवार से राजकोट में खेला जाएगा. बीसीसीआई ने सीरीज के आखिरी तीन टेस्ट के लिए बीते दिनों भारतीय टीम का एलान किया था. टीम में केएल राहुल और रवींद्र जडेजा को शामिल तो किया गया है, लेकिन ये साफ कर दिया गया था कि दोनों का खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा. बता दें कि रवींद्र जडेजा और केएल राहुल को सीरीज़ के पहले टेस्ट के बाद इंजरी हुई थी, जिसके चलते दोनों ही खिलाड़ी दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे. राहुल ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के बाद सीधे क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी. अब बाकी के तीन मुकाबलों के लिए उनकी उपलब्धता बीसीसीआई मेडिकल टीम के मंजूरी पर तय होगी. लेकिन केएल राहुल का राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट में खेलना लगभग तय हो गया है. ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि केएल राहुल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए एक वीडियो शेयर की, जिसमें वो बैटिंग का अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि राहुल बगैर किसी दिक्कत के आसानी से शॉट खेल रहे हैं. ऐसे में वीडियो को देख यही अनुमान लगाया जा सकता है कि राजकोट टेस्ट में राहुल की वापसी हो सकती है. हालांकि ये प्लेइंग इलेवन सेट होने के वक्त ही तय होगा कि राहुल खेलेंगे या नहीं।



# 'बीसीसीआई को बंद कर देनी चाहिए रणजी ट्रॉफी'

**मुंबई, एजेंसी**

भारत में इस समय रणजी ट्रॉफी खेली जा रही है. इस टूर्नामेंट में हर दिन एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले जा रहे हैं. इन मुकाबलों के बीच भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज और बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी ने रणजी ट्रॉफी को लेकर बड़ा बयान दिया है. रणजी ट्रॉफी की फीकी चमक से परेशान और गुस्से में आकर मनोज ने बीसीसीआई को इसे अगले सीजन से बंद करने तक की सलाह दे डाली है. बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा कि 'रणजी ट्रॉफी को अगले सीजन से हटा देना चाहिए क्योंकि इसमें कई चीजें गलत हो रही हैं. इस प्रतिष्ठित इतिहास वाले घरेलू टूर्नामेंट को अगर बचाना है तो इसमें कई चीजों में सुधार करने की जरूरत है. ये टूर्नामेंट अब अपनी चमक और महत्व को खोते जा रहा है. जिससे मैं बहुत ज्यादा निराश हूं.' मनोज तिवारी का यह बयान केरल के खिलाफ चल रहे मुकाबले के दौरान आया है. दरअसल, केरल और बंगाल के बीच मुकाबला किसी स्टेडियम में न होकर एक कॉलेज के मैदान में खेला जा रहा है. इसे लेकर भी मनोज ने कहा है कि 'हम स्टेडियम में नहीं बल्कि मैदान में खेल रहे हैं. आप यहां सुन सकते हैं कि दूसरे क्या कुछ कह रहे हैं. यहां कोई प्राइवेसी नहीं है.' रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में मनोज तिवारी की अगुवाई में बंगाल की टीम ने अबतक पाच मैच खेले हैं. इनमें से टीम को एक मैच में जीत हासिल हुई है जबकि तीन मैच डॉ रहे हैं. बंगाल को एक मैच में हार का भी सामना करना पड़ा है. इसके साथ बंगाल प्वाइंट्स टेबल पर एलीप ग्रुप बी में पांचवें स्थान पर मौजूद है।



## मेट्रो बाजार

# शानदार प्रीमियम पर पार्क होटल्स का शेयर लिस्ट, हर लॉट पर मुनाफा

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीओ को मिले शानदार रिस्पॉन्स के बाद आज सोमवार को एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स के शेयरों की लिस्टिंग हो गई. देश में पांच सितारा होटल, रेस्टोरेंट, नाइट क्लब व बार चलाने वाली कंपनी के शेयर 20 फीसदी प्रीमियम पर लिस्ट हुए. इसके साथ कंपनी ने करीब 4000 करोड़ रुपये की मार्केट वैल्यू के साथ बाजार में शुरुआत की. एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स का आईपीओ लॉन्च किया था. इसमें बोली लगाने की अंतिम तारीख 7 फरवरी थी. इस आईपीओ में 1-1 रुपये की फेस वैल्यू वाले शेयरों के लिए 147 रुपये से 155 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था, जबकि आईपीओ के एक लॉट में 96 शेयर शामिल थे. इसका मतलब हुआ कि एक शेयर को इस आईपीओ में कम से कम 14,880 रुपये का निवेश करना पड़ा. ग्रे मार्केट पहले से ही अच्छी लिस्टिंग के संकेत दे रहा था. लिस्टिंग से पहले एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स का शेयर ग्रे मार्केट में 25 फीसदी के प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहा था. बीएसई पर शेयर 187 रुपये के भाव पर खुला, जबकि आईपीओ का अपर प्राइस बैंड 155 रुपये था। इस तरह आईपीओ के निवेशकों को हर शेयर पर 32 रुपये का और हर लॉट पर 3,072 रुपये की कमाई हो गई।

# एथर का नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ट्रांसपेरेंट होगा लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली भारतीय कंपनी एथर एनर्जी अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर काम कर रही है। बेंगलुरु स्थित ईवी स्टार्टअप जल्द ही इंडियन मार्केट में ट्रांसपेरेंट पैनल के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर लाने वाली है। कंपनी की थर्ड जनरेशन ईवी एथर 450 एक्स पर बेस्ड हो सकती है। इसे सीरीज-2 का नाम दिया जा रहा है। इसकी खास बात ये है कि स्कूटर के अंदर के एलिमेंट को भी देखा जा सकेगा। ये स्कूटर भारत में ओला, बजाज और टीवीएस जैसी कंपनियों की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलरों को टक्कर देगी। एथर एनर्जी के सीईओ और को-फाउंडर तरुण मेहता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपकमिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर की वर्चुअल इमेज शेयर की हैं। इसमें उन्होंने लिखा कि, %ट्रांसपेरेंट पैनल वापस आएगा, भगवान की कृपा से, यह सिर्फ पारदर्शी नहीं होगा।% हालांकि, कंपनी की ओर से स्कूटर से संबंधित हार्डवेयर, डिजाइन, बैटरी और फीचर्स के बारे में जानकारी शेयर नहीं की गई हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# आमिर खान का ड्रीम प्रोजेक्ट था फ्लॉप हम सब हुए इससे इफेक्ट: किरण राव

किरण राव ने बताया कि लाल सिंह चड्ढा के फेलियर ने आमिर खान को बहुत इफेक्ट किया था. ये उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था. फिल्म में आमिर के अपोजिट करीना कपूर लीड रोल में थीं. फिल्ममेकर और आमिर खान की एक्स वाइफ किरण राव इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'लापता लेडीज' के प्रमोशन में बिजी हैं. ये फिल्म मार्च 2024 में रिलीज होगी. फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे फैंस से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच किरण ने एक इंटरव्यू में बताया कि आखिर लापता लेडीज में आमिर एक्टिंग क्यों नहीं कर रहे हैं. किरण ने ये भी बताया कि लाल सिंह चड्ढा के फेलियर ने आमिर को काफी इफेक्ट किया है.



### आमिर हो गए थे निराश

किरण ने कहा, जब आप किसी चीज को लेकर अपना पूरा प्रयास करते हैं और वो चले नहीं, जैसा कि लाल सिंह चड्ढा में हुआ. इसने आमिर खान को काफी इफेक्ट किया. हम सब भी इससे इफेक्ट हुए. क्योंकि इस प्रोजेक्ट के कई स्टेज थे. ये कोविड 19 की रोलर-कोस्टर राइड के दौरान बना था. ये आमिर का ड्रीम प्रोजेक्ट था. इस फिल्म को बनाने के लिए हम एक दशक से फिल्म फॉरेस्ट गंप के राइट्स लेने में लगे थे। आगे किरण ने कहा, ये निराश करने वाला था. मुझे खुशी हुई कि लोगों ने सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पॉन्स दिया. मुझे भी लगा कि फिल्म को उतना चांस नहीं मिला और ये चली नहीं. हमें इस फैक्ट को स्वीकार करना ही होगा कि लोगों ने इसे पसंद नहीं किया और इसे देखना नहीं चाहती थी।

# पति और बच्चों संग वीकेंड एंजॉय करने निकलीं, बेटे पर प्यार लुटाती नजर आई नयनतारा



नयनतारा साउथ इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में से एक हैं. हाल ही में वो शाहरुख खान संग फिल्म जवान में नजर आई थीं. इस फिल्म में उन्होंने लंबे समय के बाद एक्टिंग में वापसी की थी. नयनतारा ने बच्चें हो जाने के बाद फिल्मों से ब्रेक ले लिया था. हालांकि अब उन्होंने वापसी कर ली है. एक्ट्रेस दो जुड़वा बच्चों की मां है और अक्सर वो अपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करती नजर आती हैं. इस बार नयनतारा अपने पति और बच्चों के साथ वीकेंड एंजॉय करने निकली हैं, जिसकी झलक एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है.

### फैमिली संग नयनतारा ने एंजॉय किया वीकेंड

नयनतारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो वीडियो शेयर किए हैं. पहली वीडियो में एक्ट्रेस के पति विग्नेश शिवा एक बेटे को गोद में लिए गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं. इस वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा है 'ये दो'. वहीं, अगली वीडियो में नयनतारा दूसरे बेटे को अपनी गोद में लिए गाड़ी में बैठी हुई हैं. इस वीडियो में वो अपने बेटे को माथे पर चूमती हुई उन्हें लाड-प्यार करती नजर आ रही हैं. इस वीडियो के साथ

### एक्ट्रेस ने लिखा है- 'और हम'

नयनतारा ने साल 2022 में में विग्नेश संग शादी की थी. हालांकि, कपल ने 6 साल पहले गुपचुप शादी कर ली थी. वहीं, शादी के 4 महीने बाद ही कपल साल 2022 में ही जुड़वा बच्चों का पेरेंट्स बना था. एक्ट्रेस सेरोगेसी के जरिए जुड़वा बच्चों की मां बनी थी. विग्नेश शिवा प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं और फिल्में कर चुके हैं।

### शाहरुख खान संग जवान में नजर आई नयनतारा

बता दें कि, शाहरुख खान संग जवान में नयनतारा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. जवान उनकी पहली हिंदी फिल्म थी. इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और दमदार एक्शन की जमकर तारीफ हुई . इस फिल्म में एक्ट्रेस ने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था. शाहरुख संग नयनतारा की केमिस्ट्री को भी काफी पसंद किया गया था. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई की थी।

# ट्विंकल बोलीं- वैलेंटाइन डे प्यार को और ठोस बनाता है...

अक्षय कुमार की पत्नी और एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना अक्सर सोशल मीडिया पर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं. वो एक लेखिका भी हैं और कई किताब और कॉलम लिख चुकी हैं. इस वक्त वैलेंटाइनड डे करीब आ रहा है. इस बीच ट्विंकल ने इस खास मौके पर अपना एक विचार शेयर किया है. दरअसल, ट्विंकल खन्ना ने हाल ही में वैलेंटाइन के बारे में बात की है. इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया है. इस पोस्ट में ट्विंकल ने बताया है कि वैलेंटाइन डे पर हर पति अपनी पत्नी को क्या गिफ्ट देता है. ट्विंकल ने अपने इस पोस्ट में लिखा है कि- संभव है कि वैलेंटाइन डे की शुरुआत एक प्रयोग के तौर पर हुई होगी. बोर्ड बैठक के कुछ सीजन में क्रिसमस के बाद बिक्री में आई गिरवाट के बारे में चर्चा हुई होगी और उन्होंने बचे हुए गिफ्ट से कमाई करने का सोचा होगा. उन्होंने सोचा होगा कि लोगों को गिफ्ट खरीदने के लिए कैसे प्रेरित करें. जर्मन-अमेरिकी के फिलॉस्फर हन्ना एरेनड्ट ने एक बार कहा था- कोई अनुभव तभी प्रकट होता है जब वह कहा जा रहा हो. अपने सभी कंज्यूमर के साथ, वैलेंटाइन डे शायद प्यार को और ठोस बनाता है।



### ट्विंकल ने बताया पति अपनी पत्नी को वैलेंटाइन पर क्या गिफ्ट देते हैं?

इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि- हालांकि, यदि आप उन औरतों से पूछे जिनकी शादी को एक दशक से ज्यादा हो गया है कि आपके पकि ने आपको वैलेंटाइन डे पर क्या दिया? तो उनका सबसे ईमानदार जवाब होगा, 'हमेशा की तरह सिरदर्द'. प्यार सच में रिश्ते को बहुत मजबूत बनाता है. चाहे फिर वो मुरझाए हुए लाल गुलाब हों या न हों. कार्ड जिसमें दो दिल और एक दूसरे को दे देख रहे हो. भारतीय पति अपनी पत्नी से बहुत प्यार करते हैं. ऐसे में उनका सिरदर्द बन जाना हमारे लिए किसी वैलेंटाइन डे गिफ्ट से कम नहीं है. बता दें कि, ट्विंकल खन्ना ने एक्टिंग को छोड़ दिया है और वो एक राइटर बन गई हैं. हाल ही में ट्विंकल ने अपनी मास्टर कंप्लीट की है. इस बात की जानकारी खुद ट्विंकल ने एक पोस्ट शेयर कर दी थी. इसके अलावा पति अक्षय कुमार ने भी ट्विंकल के ग्रेजुएट होने पर उन्हें बधाई दी थी।

परिचय सम्मेलन



भोपाल। गांधी भवन में प्रजापति कुम्भकार समाज संघ का युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ।

पति समेत सास व ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

# दहेज में पांच लाख नहीं दिए तो तीन तलाक देकर पत्नी को छोड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




गोविंदपुरा पुलिस ने नवविवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ दहेज प्रताडऩा, मारपीट व मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने सास व ससुर को भी दहेज प्रताडऩा का आरोपी बनाया है। आरोपी दहेज में पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे। इनकार करने पर पति ने तीन बार तलाक कहकर रिश्ता तोड़ लिया। पुलिस के मुताबिक बरखेड़ा सी-सेक्टर गोविंदपुरा इलाके में रहने वाली 25 साल की महिला का विवाह अक्टूबर 2022 में देवास में रहने वाले हाफिज इरशाद अहमद से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति समेत सास अकीला बी व ससुर इकबाल ने दहेज में पांच लाख रुपए की मांग शुरू कर दी थी। इनकार करने पर पीड़िता को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। बीते साल अगस्त माह में आरोपी पति अपनी पत्नी को मायके छोड़ गया। उसका कहना था कि अब पांच लाख रुपए लेकर ही देवास आना। इस बीच पति ने भोपाल आकर पत्नी को तीन बार तलाक कहकर रिश्ता तोड़ लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच काउंसिलिंग कराई जा रही थी। काउंसिलिंग में कोई निष्कर्ष नहीं निकलने पर पति, सास व ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौत


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित प्रिंस ढाबा के पास आम रोड पर कल शाम तेज रफ़्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सोनू मीणा पिता जगदीश मीणा (22) गांव भैरव बाग तहसील शमशाबाद जिला विदिशा का रहने वाला था। फिलहाल सोनू गांधीनगर में किराए से रहता था और प्राइवेट काम करता था। कल शाम करीब 6.30 बजे प्रिंस ढाबा के पास आम रोड पर अज्ञात बहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मौके पर भी मौत हो गई थी।

## एक और बुजुर्ग की जलने से मौत, लकवा से ग्रस्त थे


फाइल फोटो

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में 60 साल के बुजुर्ग की झुलसने से मौत हो गई। बुजुर्ग अकेले रहते थे और लकवा से पीड़ित थे। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इंदिरा नगर निवासी सुरेश यादव (60) जमीन पर सोते थे। सर्दी होने की वजह से वह बिस्तर के पास थोड़ी दूरी पर आग जला लेते थे जिससे शरीर को गर्मी मिलती रहे। अनुमान लगाया जा रहा है कि सोते समय आग बिस्तर तक पहुंची होगी और बुजुर्ग आग की चपेट में आ गए। लकवाग्रस्त होने होने की वजह से वह खुद को बचा नहीं सके। धुआं उठता देख पड़ोसियों को जानकारी हुई और उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक बुजुर्ग काफी बुरी तरह झुलस चुके थे।

कोरियर कंपनी के डिलेवरी ब्वाय के बैग से

# 50 हजार का मोबाइल चुराकर बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**ईंटखेड़ी पुलिस ने कोरियर कंपनी के डिलेवरी ब्वाय के बैग से 50 हजार का मोबाइल चोरी कर फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ही फर्जी तरीके से उक्त मोबाइल आर्डर किया था और बाद में डिलेवरी वाले को चमका देकर मोबाइल फोन चोरी कर लिया था।**

पुलिस के मुताबिक भागीरथ प्रजापति (22) ग्राम जगदीशपुर थाना ईंटखेड़ी में रहता था और ई-कार्ड लाजिस्टिक कोरियर कंपनी में डिलेवरी ब्वाय का काम करता है। भागीरथ ने इस मामले की शिकायत पिछले साल सितंबर महीने में पुलिस से की थी। भागीरथ ने शिकायत में बताया कि 15 जुलाई 2023 को वह एक कस्टमर का आर्डर देने के लिए वैद्यनाथ कालोनी लांबाखेड़ा गया था। मल्टी की पार्किंग में बाइक खड़ी कर वह पांचवीं मंजिल स्थित फ्लैट पर आर्डर देने चला गया था। वापस लौटने के बाद उसे सैमसंग कंपनी का 50 हजार के आर्डर की डिलेवरी करनी थी, लेकिन जब उसने बाइक पर रखा बैग चैक किया तो उक्त मोबाइल फोन गायब हो चुका था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम के साथ ही सायबर क्राइम ब्रांच को लगाया गया था।



फाइल फोटो

### फर्जी कागजात बनाकर दुकान पर बेचा था मोबाइल

सायबर टीम ने चोरी गए मोबाइल की लोकेशन निकाली तो वह लगातार बदल रही थी। लंबी मशक्कत के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी अयाज खां (27) निवासी मरघट के पास छोला मंदिर को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने फर्जी तरीके से मोबाइल फोन को आर्डर पर बुलाया था और फिर घटना वाले दिन डिलेवरी ब्वाय को धोखा देकर उसके बैग से उक्त मोबाइल फोन चोरी कर लिया। उसके बाद उसी मोबाइल का अमेजन कंपनी का एक फर्जी बिल बनाकर बैरागढ़ स्थित एक दुकान पर बेच दिया था। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी दुर्जनसिंह बरकड़े, एएसआई शेरसिंह, हेड कांस्टेबल सिद्दीकी अहमद, मुश्ताक अहमद (सायबर शाखा), योगेश, सुंदरलाल और आरक्षक प्रशांत सिंह तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

## एक्टिवा सवार युवक से शराब जब्त


फाइल फोटो


**भोपाल।** छोला मंदिर पुलिस ने एक्टिवा सवार युवक से 12 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह नजीराबाद पुलिस ने भी एक युवक के पास से 22 क्वार्टर शराब जब्त की है। छोला मंदिर पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नवजीवन कॉलोनी में रविवार दोपहर एक युवक की एक्टिवा रोकी गई। एक्टिवा में एक पेटी अंग्रेजी शराब मिली। पूछताछ में युवक की पहचान अशोक शर्मा (27) निवासी छोला मंदिर के रूप में की गई। इसी प्रकार नजीराबाद पुलिस ने बताया कि गांव बहरवल जोर से लल्लू अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके पास से 22 क्वार्टर देसी शराब जब्त की है।

## कुएं में काम कर रहे बुजुर्ग के सिर पर पत्थर गिरा, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**


फाइल फोटो

बेरसिया थाना क्षेत्र स्थित अरराई रायसिंह गांव में रविवार दोपहर 1 बुजुर्ग के सिर पर पत्थर गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फूल सिंह कुशवाहा (60) अरराई रायसिंह, तहसील बैरसिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। उनके चचेरे भाई बाबूलाल कुशवाहा के घर कुएं की सफाई का काम चल रहा है। रविवार दोपहर फूल सिंह कुएं में उतरकर सफाई का काम कर रहे थे। काम करते समय ऊपर से पत्थर गिरा और फूल सिंह के सिर में जा लगा। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई थी। उन्हें कुएं से बेसुध अवस्था में बाहर निकल गया। प्वाइजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचते इससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।



**मेट्रो एंकर** 29 कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी

# आरपीएफ आज से अभा पुलिस ड्यूटी सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) आज 12 से 16 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 67वें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन (एआईपीडीएम) की मेजबानी करेगा। केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। 16 फरवरी को समापन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन की केंद्रीय समन्वय समिति ने रेलवे सुरक्षा बल को सौंपी है। कानून प्रवर्तन से जुड़े लोगों के बीच प्रसिद्ध इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अपराधों की वैज्ञानिक पहचान और जांच की दिशा में पुलिस अधिकारियों के बीच उत्कृष्टता एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।



67वें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन कानून प्रवर्तन पेशेवरों के लिए एक साथ आने, सीखने और खोजी उत्कृष्टता के उनके सामूहिक प्रयास को मजबूत करने का भी आह्वान है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों को एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ मिलेगा जिससे पूरे बल के पेशेवर प्रदर्शन के मानक में अधिक दक्षता और सुधार होगा। इस सम्मेलन में केंद्र और राज्यों की 29 कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी होगी, जिसमें 1230 सदस्य विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे जांच, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर जागरूकता, विशेष कैनाइन यूनिट प्रतियोगिता, तोड़फोड़ विरोधी जांच और पुलिस वीडियोग्राफी के लिए वैज्ञानिक सहायता, पुलिस ड्यूटी सम्मेलन कानून प्रवर्तन कर्मियों के लिए अपनी क्षमताओं को निखारने और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022